सु-विचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 11 | पृष्ठ 12 | अंक 334 | रांची, बुधवार, 11 फरवरी 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com















## "लोकसभा में बजट सत्र"

# हंगामें के चलते कार्यवाही स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी कांग्रेस सांसदों के हंगामें के चलते बजट सत्र के दसवें दिन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसद राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहे थे। साथ ही लोकसभा से आठ सांसदों के निलंबन का मुद्दा भी उठाया गया। बजट सत्र के दसवें दिन लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। पीठासीन अधिकारी पी.सी. मोहन ने सदन की कार्यवाही प्रारंभ कराई। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के कैराना से सांसद इकरा हसन को प्रश्न पूछने के लिए आमंत्रित किया। इकरा हसन ने उत्तर प्रदेश में सहकारी डेयरी परियोजना से जुड़ा प्रश्न उठाया। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई। स्थिति को देखते हुए पीठासीन अधिकारी पी.सी. मोहन ने लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



## लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर सदन के संचालन में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि इस पर तृणमूल कांग्रेस के किसी भी सांसद का हस्ताक्षर नहीं है। हस्ताक्षर करने वाले 116 सांसदों में राहुल गांधी का भी नाम नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों को बताया कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा महासचिव को संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत दिया गया है। नोटिस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविण मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य शामिल हैं।

# पेंगुइन के ट्वीट के बाद भाजपा का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार

## कपोल कथा के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए



**नई दिल्ली।** पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा को लेकर पब्लिशर पेंगुइन के ट्वीट के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। भाजपा ने संसद में दिए गए उनके बयानों को कपोल कथा बताया और कहा कि उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मुकुंद नरवणे के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। जनरल नरवणे द्वारा पब्लिशर पेंगुइन के ट्वीट का समर्थन किए जाने के बाद राहुल गांधी द्वारा पेश की गई काल्पनिक कहानी पूरी तरह से खत्म हो गई है। पेंगुइन ने साफ तौर पर कहा है कि अभी तक ऐसी कोई किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पेंगुइन ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर किसी के पास ऐसी किसी किताब की कोई प्रति है, तो वह अलग और अवैध है और यह कॉपीराइट का उल्लंघन माना जाएगा।

## रिजिजू ने कांग्रेस की महिला सांसदों पर लोकसभा स्पीकर को धमकाने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र में लोकसभा में जारी गतिरोध के बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दावा किया है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की महिला सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में जाकर उन्हें 'धमकाने' की कोशिश की। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस के सदस्य सत्तापक्ष की बेंच की ओर आ गए। उन्होंने न केवल मयार्दा का उल्लंघन किया, बल्कि उस बेंच को भी पार कर दिया जहां प्रधानमंत्री बैठते हैं। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों को नियंत्रित करना पड़ा ताकि कोई झड़प न हो। राजग की महिला सांसद इस बर्ताव से बेहद नाराज हैं। रिजिजू ने कहा कि भाजपा की महिला सांसदों ने कांग्रेस की महिला सांसदों के 'अनुचित व्यवहार' को लेकर ओम बिरला को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# प्रधानमंत्री ने सुभाषित साझा कर दिया शक्ति

## संकल्प और धरती के सम्मान का संदेश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संस्कृत में सुभाषित साझा कर शक्ति, संकल्प, तेज और समृद्धि की कामना का संदेश दिया। उन्होंने धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कृषि, कल्याण और पोषण को जीवन का आधार बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सुभाषित साझा करते हुए लिखाः अस्मे वो अस्त्विन्द्रियमस्मे नृम्णमुत क्रतुरस्मे वर्चांसि सन्तु वः। नमो मात्रे पृथिव्यै नमो मात्रै पृथिव्याऽ इयन्ते राड् यन्तासि यमनो ध्रुवोसि धरुणः कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा॥ (अर्थः मनुष्य के जीवन में शक्ति, साहस, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प होना चाहिए। व्यक्ति में तेज और आत्मबल बना रहे। मानव की प्रगति धरती के सम्मान, संरक्षण और प्रकृति के संतुलन से जुड़ी है और इसी से समाज का समग्र कल्याण संभव है। धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कृषि, कल्याण, समृद्धि और पोषण की प्रार्थना की गई है।) इस सुभाषित से प्रधानमंत्री ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प की कामना की है।

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों को 'बस्तर पांडुम' उत्सव के विशेष आयोजन पर दी बधाई




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में 7-9 फरवरी तक मनाए गए 'बस्तर पांडुम' उत्सव के लिए राज्य के लोगों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, पहले जब भी बस्तर का नाम लिया जाता था, माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि मन में आती थी लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज बस्तर न केवल अपने विकास के लिए बल्कि यहां के लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए भी जाना जाता है। मेरी यही कामना है कि आने वाला समय इस क्षेत्र के लिए शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की भावना से परिपूर्ण हो। गृहमंत्री अमित शाह की एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ में 'बस्तर पंडुम' उत्सव के दौरान जंगल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जन जातीय विरासत का भव्य रूप दिखाया गया। इस प्रयास से जुड़े अपने सभी परिवारजनों को मेरी हार्दिक बधाई! ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अमित शाह ने सोमवार को कहा था कि वामपंथी उग्रवादियों के भय और हिंसा से बाहर निकलकर बस्तर अपनी संस्कृति तथा धरोहरों को आगे बढ़ा रहा है और विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बन रहा है।

## कोयला तस्करी मामला: ईडी ने दो कारोबारियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** झारखंडआसनसोल कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार देर रात तक पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया था । ईडी सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम चिन्मय मंडल और किरण खां हैं। जांच में असहयोग करने के आरोप में दोनों को हिरासत में लिया गया है। यह पहली बार है जब कोयला तस्करी मामले में किसी कारोबारी को ईडी ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, बीते सप्ताह ईडी की विशेष टीम ने दोनों आरोपितों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान एक आरोपित के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। इसके बाद ईडी ने दोनों कारोबारियों को पूछताछ के लिए तलब किया। लंबी पूछताछ के बाद जांच में सहयोग न करने और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जांच एजेंसी का दावा है कि चिन्मय मंडल और किरण खां प्रोटेक्शन मनी के बदले कोयला तस्करी को बढ़ावा देते थे और कोयला सिंडिकेट से सीधे तौर पर जुड़े हुए थे। ईडी अधिकारियों के अनुसार, लेनदेन से जुड़े चैट रिकॉर्ड दिखाए जाने के बावजूद दोनों ने पूछताछ में सहयोग करने से इनकार किया।

## रांची में वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कटहल मोड़ के पास पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके पर ही पूरी राशि जब्त कर ली। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद नकद राशि चुनाव में खर्च करने के उद्देश्य से ले जाई जा रही थी या किसी अन्य कारण से। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। निकाय चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रात के समय भी वाहन जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि झारखंड में 23 फरवरी को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इस अवधि में भारी मात्रा में नकद रखना नियमों के विरुद्ध है। इसी कारण राज्य भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और चेक पोस्ट व चौक-चौराहों पर लगातार वाहन जांच की जा रही है।

# मोदी और सोनिया से मिले तेंदुलकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलकर अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी का निमंत्रण पत्र दिया। इस दौरान तेंदुलकर के साथ उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर, बेटे अर्जुन, बेटी सारा और परिवार के अन्य लोग भी थे। तेंदुलकर ने प्रधानमंत्री के साथ उनके सरकारी आवास पर हुई मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की हैं। उन्होंने लिखा कि अर्जुन और सानिया की शादी में प्रधानमंत्री को आमंत्रित करना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से मिला आशीर्वाद और मार्गदर्शन युवा जोड़े के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

मोदी और सोनिया से मिले तेंदुलकर, बेटे की शादी का दिया निमंत्रण



# सारंडा जंगल में नक्सलियों के लगाए गए आईईडी विस्फोट में दो ग्रामीण घायल



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में मंगलवार को एक बार फिर नक्सलियों की हिंसक गतिविधि सामने आई है। जराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरिलपोसी गांव के पास जंगल में नक्सलियों की ओर से पहले से लगाए गए आईईडी बम की चपेट में आकर दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब दोनों ग्रामीण जंगल में साल पत्ता और लकड़ी चुनने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जंगल में अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। धमाके के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को जंगल से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की पुष्टि चाईबासा के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने की है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी विस्फोट में दो ग्रामीण घायल हुए हैं। घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जंगल पर निर्भर हैं, लेकिन इस तरह की घटनाओं से उनमें भय का माहौल बन गया है। सारंडा क्षेत्र में पहले भी नक्सल गतिविधियों की घटनाएं सामने आती रही हैं। सुरक्षा बलों की ओर से इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है और सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है।

# भारत ने सऊदी अरब के 'वर्ल्ड डिफेंस शो' में दिखाई स्वदेशी हथियारों की ताकत

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 'इंडिया पवेलियन' का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** भारत ने सऊदी अरब के रियाद में हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में स्वदेशी हथियारों के जरिए अपनी ताकत दिखाई है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया, जिसमें भारत में बने हथियारों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सऊदी अरब के रक्षा उद्योगों और रक्षा मंत्रालय की प्रदर्शनी का भी दौरा किया, ताकि उनकी स्वदेशी तकनीक की समीक्षा की जा सके। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रियाद में 8-9 फरवरी को हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में हिस्सा लेने गए थे। उन्होंने सऊदी अरब के सहायक रक्षा मंत्री डॉ. खालिद बिन हुसैन अल-बियारी के साथ दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने सऊदी अरब जनरल अथॉरिटी फॉर डिफेंस डेवलपमेंट के गवर्नर डॉ. फलेह बिन अब्दुल्ला अल-सुलेमान से भी मुलाकात की और भारत के वैश्विक निर्यात केंद्र के तौर पर उभरने पर जोर दिया। मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के अधिकारियों को भारत का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

## भारत और सेशेल्स ने हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा संबंध बढ़ाने पर जोर दिया



**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए रिपब्लिक ऑफ सेशेल्स के विदेश मंत्री जनरल माइकल एंसेलम मार्क रोसेट से मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में मुलाकात की। दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत और सेशेल्स के बीच बढ़ते ?रक्षा और सुरक्षा सहयोग की समीक्षा करने के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देने और द्विपक्षीय रिश्ते बढ़ाने पर जोर दिया।

# रांची में किन्नरों से मारपीट और पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांची। राजधानी रांची के कचहरी चौक के पास मंगलवार तड़के करीब तीन बजे मारपीट की घटना के बाद पुलिस और आरोपितों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने इस बाबत बताया कि दो युवकों ने किन्नरों के साथ मारपीट की, जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पहले किन्नरों के साथ मारपीट की और फिर बोलेरो वाहन से उन्हें कुचलने की कोशिश की। विरोध करने पर वहां मौजूद लोगों के साथ भी हाथापाई की गई। घटना के बाद आरोपित वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा किया, इस दौरान आरोपितों ने पुलिस वाहन को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। एसपी के अनुसार, मांडर थाना क्षेत्र के बरकी गांव की ओर भागते समय पुलिस ने नाकेबंदी कर बोलेरो (नंबर जेएच 01एफडी-5302) को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने वाहन तेज गति से चलाते हुए पुलिसकर्मियों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसमें एक होमगार्ड जवान भी घायल हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने और आत्मरक्षा में पुलिस की ओर से फायरिंग की गई, जिसमें एक गोली वाहन की आगे की सीट पर बैठे व्यक्ति को लगी। बाद में घायल को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गुरफान अंसारी (30 ) और इस्तियाक अंसारी (25 ), निवासी नगड़ी थाना क्षेत्र रांची के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इस्तियाक अंसारी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## रांची में दो सगी बहनें संदिग्ध हालात में लापता, पुलिस ने तेज की तलाश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रांची। राजधानी रांची से बच्चों के लापता होने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला रातू थाना क्षेत्र के गोकुलधाम चटकपुर मिलन चौक का है, जहां से 8 फरवरी को दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। लापता बच्चियों की उम्र 16 वर्ष और 12 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानतकारी के अनुसार, 8 फरवरी को दोनों बहनें दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजन चिंतित हो उठे। परिवार के सदस्यों ने पहले दुकान पर जाकर पूछताछ की, इसके बाद रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के इलाकों में भी व्यापक खोजबीन की, लेकिन दोनों बच्चियों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद बच्चियों के पिता सुजीत शर्मा ने रातू थाना में दोनों बेटियों की गुमशुदगी को लेकर लिखित आवेदन दिया। पिता ने पुलिस को बताया कि दोनों बच्चियां अक्टूबर 2025 में बिहार के जहानाबाद स्थित ननिहाल से रांची के रातू क्षेत्र आई थीं। उन्होंने बताया कि छोटी बच्ची कक्षा पांच में पढ़ती है, जबकि बड़ी बच्ची ने वर्ष 2025 में मैट्रिक की परीक्षा पास की है। एक साथ दो बच्चियों के लापता होने से परिवार पूरी तरह खौफजदा है। वहीं, आस-पड़ोस के लोग और स्थानीय निवासी भी इस घटना से दहशत में हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि दोनों बच्चियों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

## संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में विदाई समारोह का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




मुरीः-संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में कक्षा बारहवीं, सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई एवं शुभकामना समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने सभी सीनियर्स को तिलक लगाकर स्वागत किए एवं शुभकामनाएं दिए इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा बारहवीं के बच्चों ने अपने स्कूली जीवन के अनुभवों को शब्दों में पिरोकर अपने उदगार व्यक्त किए। विद्यालय के निर्देशक महोदय ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय विद्यार्थियों के स्वर्णिम विकास के लिए कटिबद्ध है हम सभी विद्यार्थियों के लिए कामना करते है कि वे उन्नति के शिखर को छुए और अपने माता पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन करे । सभी बारहवीं के छात्र छात्राओं को विद्यालय के द्वारा उपहार भी दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ज्योति कुमारी एवं सिम्मी पाल ने किया,कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका मनीषा सिंह ने दी। इस विदाई समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष शोभा देवी उपस्तिथ रही साथ ही सभी शिक्षक,शिक्षकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा ने किशालय विद्या मंदिर में 'वृक्षित 2026' का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




रांचीः बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान,मेसरा के पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता क्लब (EPAC) द्वारा किशालय विद्या मंदिर, रांची में वृक्षित 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पौधारोपण अभियान और मूल्य शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एपेक की फैकल्टी एडवाइजर एवं सिविल और पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. नीता कुमारी तथा किशालय विद्या मंदिर की प्राचार्या श्रीमती सुमन ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. नीता कुमारी के संबोधन से हुई। इसके बाद कक्षा क्ष और श के विद्यार्थियों के लिए ओरिगामी कला कार्यशाला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके पश्चात 'पृथ्वी बचाओ' विषय पर आधारित मिट्टी कला (क्ले मॉडलिंग) प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी पर्यावरण संबंधी सोच को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में संयुक्त पौधारोपण अभियान के साथ हुआ, जिसमें एपेक के सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यवहार में उतारा।

## भाजपा की हताशा, मनरेगा में पारदर्शिता से डर

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के बयान को भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक हताशा से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा मनरेगा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जानबूझकर भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। श्री दूबे ने स्पष्ट किया कि मनरेगा के तहत निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था समाप्त नहीं की गई है, बल्कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशासनिक प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। सोशल ऑडिट, विभागीय समीक्षा, तकनीकी निगरानी और शिकायत निवारण तंत्र पहले की तरह प्रभावी रूप से कार्यरत हैं। इसे ह्लभ्रष्टाचार को खुली छूटह्व कहना सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार गरीबों, मजदूरों और ग्रामीणों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मनरेगा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने डिजिटल मॉनिटरिंग, समयबद्ध भुगतान और सोशल ऑडिट को मजबूत किया है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि अपने शासनकाल में उसने मनरेगा में व्याप्त अनियमितताओं पर क्या ठोस कदम उठाए।

## माण्डर आजीविका महिला संकुल संगठन के कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची जिले के माण्डर प्रखंड में आज माण्डर आजीविका न्याय सलाह केंद्र, एकल सुविधा केंद्र तथा माण्डर आजीविका महिला संकुल संगठन के कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, झारखंड सरकार, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं अधिकार-संपन्न बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। डरऋ परियोजना के अंतर्गत सखी मंडल से जुड़ी 115 महिला उद्यमियों को कुल 59,72,000 की सीईएफ (Community Enterprise Fund) राशि प्रदान की गई तथा लाभुकों के बीच आजीविका से जुड़ी परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं को स्वरोजगार, आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की ओर आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान जेंडर शपथ के माध्यम से सामाजिक समानता, सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया गया। श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा कि न्याय सलाह केंद्र और एकल सुविधा केंद्र ग्रामीण महिलाओं को न्याय, आजीविका और विभिन्न सरकारी सेवाओं तक सरल, सुलभ और एकीकृत पहुँच उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम बनेंगे। इस अवसर पर झारखंड सरकार की माननीय कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिला केंद्रित योजनाएँ राज्य के समग्र ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, आजीविका मिशन से जुड़े प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डायरिया से रोजमर्रा की थकान तक, हाइड्रेशन का भरोसेमंद समाधान

### ओआरएसएल और ईआरजेडएल से डिहाइड्रेशन से बचाव का दाव

उज्जवल दुनिया संवाददाता

राँचीः डायरिया के दौरान शरीर में पानी और जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या तेजी से बढ़ जाती है, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, देश में डिहाइड्रेशन एक बड़ी लेकिन कम समझी जाने वाली स्वास्थ्य चुनौती है। इस समस्या से निपटने के लिए अब लोगों के पास ओआरएसएल और ईआरजेडएल जैसे आधुनिक हाइड्रेशन विकल्प उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि ओआरएसएल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन में प्रभावी है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक फॉर्मूले पर आधारित है, जो शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बहाल करने में मदद करता है। अब यह रेडी-टू-ड्रिंक और पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध है, जिससे इसका उपयोग और भी आसान हो गया है। वहीं, ईआरजेडएल को रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों के लिए तैयार किया गया है। यह थकान, कमजोरी, गर्मी से होने वाली परेशानी और हल्के से मध्यम डिहाइड्रेशन में सहायक बताया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ईआरजेडएल में पहले की तुलना में 1.4 गुना अधिक इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है, जिससे यह पानी की तुलना में तेजी से शरीर को हाइड्रेट करता है। इसमें सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, विटामिन-सी और असली फलों का रस शामिल है। इन उत्पादों को केनव्यू इंडिया ने पेश किया है। कंपनी के मनीष आनंदानी के अनुसार, केनव्यू लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही है और दो-उत्पाद रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल दोनों जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने का लक्ष्य रखती है।

# हिंडाल्को मुरी की सीएसआर पहल से सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली बीएमडी मशीन

## ग्रामीणों को होगा बड़ा लाभ

उज्जवल दुनिया संवाददाता




सिल्लीः-हिंडाल्को मुरी यूनिट के सीएसआर विभाग द्वारा मंगलवार को सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को एक बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) मशीन प्रदान की गई।इस मशीन को हिंडाल्को मुरी यूनिट के सीएसआर हेड अनिल सिंह ने रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार को औपचारिक रूप से सौंपा।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि हिंडाल्को की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि रांची जिले में भी बीएमडी मशीन की उपलब्धता सीमित है,ऐसे में सिल्ली जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस मशीन की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है।इससे हड्डियों से संबंधित रोगों की जांच अब स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी और मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।कार्यक्रम के दौरान सिल्ली सीएचसी के प्रभारी ने भी स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में सहयोग के लिए हिंडाल्को प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।मौके पर उपस्थित सीएसआर हेड अनिल सिंह ने कहा कि हिंडाल्को अपने सामाजिक दायित्व के तहत स्वास्थ्य,शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार के दिन बिसरिया में एक स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया गया,जिसमें लगभग 600 लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। भविष्य में भी हिंडाल्को द्वारा इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## इंडियन ओवरसीज बैंक- बड़कागांव शाखा का उद्घाटन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

आज दिनांक 10.02.2026(मंगलवार) को इंडियन ओवरसीज बैंक झ बड़कागांव शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मनीष कुमारझ मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के द्वारा किया गया। उदघाटन समारोह में काफी संख्या में सम्मानित ग्राहकगण और जनसमूह उपस्थित हुए । इस अवसर पर श्री मनीष कुमारझ मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक सदैव उत्कृष्ट ग्राहक सेवा हेतु तत्पर है । उन्होंने बैंक के विभिन्न उत्पादों और ऋण योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की और बताया कि इंडियन ओवरसीज बैंक क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध और प्रयासरत है । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक ग्राहकों को बैंक से जोड़ना और उनको आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ मुहैया करवाना है । सभी उपस्थित आगंतुकों से उन्होंने आह्वान किया कि आप सभी अधिक से अधिक लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए बैंक से जोड़ें और बैंक की सेवाओं का लाभ उठाएँ । शाखा प्रबंधक श्री विकाश कुमार द्वारा उपस्थित सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

## एक नजर

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 22 फरवरी

रांचीः अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अपने बेंगलूरु, भोपाल और रांची कैंपस में संचालित विभिन्न पीजी (एम.ए.) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी अंतिम तिथि 22 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा डेवलपमेंट, एजुकेशन, अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन, इकॉनॉमिक्स, अप्लाइड इकॉनॉमिक्स, पब्लिक हेल्थ तथा क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी जैसे विषयों में पढ़ाई कराई जाएगी, जिनमें बेंगलूरु कैंपस में इकॉनॉमिक्स, डेवलपमेंट, एजुकेशन, अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन और क्लाइमेट चेंज; भोपाल कैंपस में एजुकेशन व पब्लिक हेल्थ; जबकि रांची कैंपस में अप्लाइड इकॉनॉमिक्स और डेवलपमेंट शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में अनुभवी शिक्षकों द्वारा बहुविषयी अध्ययन, कक्षा शिक्षण के साथ फील्ड वर्क और प्रोजेक्ट आधारित सीखने पर विशेष जोर दिया जाता है, जिससे विद्यार्थी शिक्षा, विकास कार्य, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलवायु से जुड़े क्षेत्रों के साथ-साथ उच्च शिक्षा और शोध में करियर के लिए मजबूत आधार तैयार कर सकें।

### माण्डर आजीविका महिला संकुल संगठन के कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन



रांची जिले के माण्डर प्रखंड में आज माण्डर आजीविका न्याय सलाह केंद्र, एकल सुविधा केंद्र तथा माण्डर आजीविका महिला संकुल संगठन के कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, झारखंड सरकार, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं अधिकार-संपन्न बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। OSF परियोजना के अंतर्गत सखी मंडल से जुड़ी 115 महिला उद्यमियों को कुल 59,72,000 की सीईएफ (Community Enterprise Fund) राशि प्रदान की गई तथा लाभुकों के बीच आजीविका से जुड़ी परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं को स्वरोजगार, आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की ओर आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान जेंडर शपथ के माध्यम से सामाजिक समानता, सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया गया।

### 05005/05006 बढ़नी-अमृतसर-बढ़नी होली विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 05005/05006 बढ़नी-अमृतसर-बढ़नी होली विशेष गाड़ी का संचलन बढ़नी से 04 से 25 मार्च,2026 तक प्रत्येक बुधवार को तथा अमृतसर से 05 से 26 मार्च,2026 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05005 बढ़नी-अमृतसर होली विशेष गाड़ी 04 से 25 मार्च,2026 तक प्रत्येक बुधवार को बढ़नी से 15.10 बजे प्रस्थान कर तुलसीपुर से 15.50 बजे, बलरामपुर से 16.18 बजे, गोण्डा से 17.15 बजे, बुढ़वल से 18.22 बजे, सीतापुर जं0 से 19.58 बजे, बरेली से 23.10 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.55 बजे, सहारनपुर से 04.02 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 04.27 बजे, अम्बाला कैण्ट से 05.20 बजे, ढंडारीकलां से 06.55 बजे, जलन्धर सिटी से 08.10 बजे तथा व्यास से 08.45 बजे छूटकर अमृतसर 09.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05006 अमृतसर-बढ़नी होली विशेष गाड़ी 05 से 26 मार्च,2026 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर व्यास से 13.17 बजे, जलन्धर सिटी से 13.58 बजे, ढंडारीकलां 15.15 बजे, अम्बाला कैण्ट से 16.50 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 17.32 बजे, सहारनपुर से 18.10 बजे, मुरादाबाद से 21.30 बजे, बरेली से 22.56 बजे, दूसरे दिन सीतापुर जं0 से 02.38 बजे, बुढ़वल से 05.02 बजे, गोण्डा से 06.05 बजे, बलरामपुर से 06.50 बजे तथा तुलसीपुर से 07.22 बजे छूटकर बढ़नी 08.15 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 12, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

### 05023/05024 गोमतीनगर-खातीपुरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 05023/05024 गोमतीनगर-खातीपुरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोमतीनगर से 03 से 24 मार्च,2026 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा अमृतसर से 04 से 25 मार्च,2026 तक प्रत्येक बुधवार को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05023 गोमतीनगर-खातीपुरा होली विशेष गाड़ी 03 से 24 मार्च,2026 तक प्रत्येक मंगलवार को गोमतीनगर से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बादशाहनगर से 00.10 बजे, डालीगंज से 00.45 बजे, सीतापुर जं0 से 04.00 बजे, बरेली से 07.16 बजे, मुरादाबाद से 09.10 बजे, गाजियाबाद से 11.25 बजे, दिल्ली जं0 से 12.20 बजे, दिल्ली कैण्ट से 12.52 बजे, गुड़गांव से 13.08 बजे, रेवाड़ी से 14.35 बजे, अलवर से 15.30 बजे तथा बांदीकुंई से 16.32 बजे छूटकरखातीपुरा 07.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05024 खातीपुरा-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी 04 से 25 मार्च,2026 तक प्रत्येक बुधवार को खातीपुरा से 18.50 बजे प्रस्थान कर बांदीकुंई से 19.42 बजे, अलवर से 20.33 बजे, रेवाड़ी से 22.05 बजे, गुड़गांव से 22.32 बजे, दिल्ली कैण्ट से 22.52 बजे, दूसरे दिन दिल्ली जं0 से 00.35 बजे, गाजियाबाद से 01.27 बजे, मुरादाबाद से 04.27 बजे, बरेली से 05.47 बजे, सीतापुर जं0 से 09.00 बजे, डालीगंज से 11.20 बजे तथा बादशाहनगर से 11.35 बजे छूटकर गोमतीनगर 11.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा शयनयान श्रेणी के 11 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे.

### 05045/05046 लालकुआं- राजकोट-लालकुआँ साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु 05045/05046 लालकुआं- राजकोट-लालकुआँ साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआँ से 01 से 29 मार्च, 2026 तक प्रत्येक रविवार को तथा राजकोट से 02 से 30 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार को 05 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05045 लालकुआँ-राजकोट साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 01 से 29 मार्च, 2026 तक प्रत्येक रविवार को लालकुआँ से 12.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 13.00 बजे, बहेड़ी से 13.18 बजे, भोजीपुरा से 13.52 बजे, इज्जतनगर से 14.15 बजे, बरेली सिटी से 14.35 बजे, बरेली जं. से 14.50 बजे, बदायूँ से 15.35 बजे, सोरों शुकर क्षेत्र से 16.20 बजे, कासगंज से 17.15 बजे, हाथरस सिटी से 18.15 बजे, मथुरा कैंट से 19.05 बजे, मथुरा जं. से 19.25 बजे, भरतपुर से 21.05 बजे, दौसा से 23.40 बजे, दूसरे दिन जयपुर से 00.45 बजे, फुलेरा से 01.52 बजे, नावा सिटी से 02.24 बजे, कुचामन सिटी से 02.40 बजे, मकराना से 02.56 बजे, डेगाना से 03.30 बजे, मेड़ता रोड से 04.07 बजे, गोटन से 04.27 बजे, जोधपुर से 05.50 बजे, लूनी से 06.25 बजे, समदड़ी जं. से 07.30 बजे, मोकलसर से 07.56 बजे, जालोर से 08.23 बजे, मोदरान से 08.54 बजे, मारवाड़ भीनमाल से 09.20 बजे, रानीवाड़ा से 09.51 बजे, धनेरा से 10.42 बजे, भीलड़ी से 12.00 बजे, पाटन से 12.43 बजे, महेसाणा जं. से 13.30 बजे, वीरमगाम से 14.33 बजे, सुरेन्द्रनगर से 15.49 बजे तथा वांकानेर जं. से 16.45 बजे छूटकर राजकोट 18.10 बजे पहुँचेगी।

# झारखंड के विभिन्न जिलों में 11 फरवरी से बादल छाने की संभावना, बढ़ेगा तापमान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बुधवार और गुरुवार को आंशिक बादल छाने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 02 से 03 डिग्री की वृद्धि होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी।

मौसम विभाग के अनुसार, 13 फरवरी से मौसम साफ होगा। सुबह में कुहासा छाया रहेगा और बाद में मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

विभाग का कहना है कि राज्य भर में अगले दो दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी के बाद अगले तीन दिनों में इसमें 02 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 32 डिग्री और सबसे कम तापमान तापमान गुमला में 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ और मध्यम दर्जे की गति से हवा चली। इन दिनों पछुआ हवाओं के प्रभाव के कारण कई जिलों में तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। कई जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज हुई है। इससे राज्य भर में गर्मी और ठंड दोनों की स्थिति बनी हुई है।

मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री, जमशेदपुर में 29.4 और 13.6 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 29.8 और न्यूनतम तापमपन 7.7 डिग्री, बोकारो में 29.2 और न्यूनतम 9.6 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम 32 डिग्री और न्यूउनतम 11.4 डिग्री, खूंटी में 26.8 और 7.1 डिग्री, लोहरदगा में अधिकतम 24.5 और 7.4 डिग्री, लातेहार में 22.1 और 11 डिग्री और सरायकेला में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## इंदीपीढ़ी नाला पुल निर्माण की गुणवत्ता पर विधायक ने जताई नाराजगी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने इंदीपीढ़ी पंचायत अंतर्गत इंदीपीढ़ी नाला में निमार्णाधीन पुल का मंगलवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी खामियां और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के क्रम में विधायक ने पाया कि पुल की ढलाई निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं की गई है तथा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री भी अपेक्षित गुणवत्ता की नहीं है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि ठेकेदार द्वारा गांव में रेंट पर ली गई भूमि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है।

साथ ही संबंधित भूमि का मुआवजा लंबित है और पिछले 15 दिनों से कार्यरत मजदूरों को मजदूरी भी नहीं मिली है।

इस पर विधायक रामसूर्या मुंडा ने संवेदकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सरकार ग्रामीणों के हित में अनेक विकास योजनाएं चला रही है, लेकिन यदि संवेदक मनमानी करेंगे और ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित नहीं करेंगे, तो इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खूंटी में घटिया और असंतोषजनक निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं है तथा ग्रामीणों के साथ इस प्रकार का व्यवहार पूर्णतः अस्वीकार्य है। विधायक ने कहा, सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित संवेदकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में संचालित योजनाएं उनके हित के लिए हैं।

## एक नजर

### सड़क हादसे मे भाजपा के वरिष्ठ नेता की मौत

**चान्हो।** चान्हो में मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में भाजपा के वरिष्ठ नेता लवनाथ शाही (70) की मौत हो गई। पकरियो गांव निवासी शाही ऑटो से अपने घर लौट रहे थे, तभी उतरने के दौरान संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि दोपहर के समय वे चान्हो से ऑटो में सवार होकर पकरियो जा रहे थे। पकरियो पेट्रोल पंप के समीप जैसे ही उन्होंने एक पैर सड़क पर रखा, ऑटो अचानक आगे बढ़ गया। इससे वे असंतुलित होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए मांडर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। लवनाथ शाही के आकस्मिक निधन से चान्हो और मांडर क्षेत्र में शोक की लहर है। चांन्हो मंडल अध्यक्ष सालिक राम पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिजय कुमार महतो,सतीश शाह, चंदन गुप्ता, अरविंद सिंह, बबलू गोप, पुरंजय महतो, रहमान अंसारी, मुकेश प्रसाद, राजनाथ सिंह और रामबालक ठाकुर समेत कई लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### कृषि मंत्री ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा किया उद्घाटन



**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा में मंगल वर को बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा का उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की इस नई शाखा के खुलने से क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ अपने ही इलाके में मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह शाखा स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। बैंक की इस्टेड हेड सीखा चौधरी ने बताया कि नई शाखा में खाता खोलने, जमा एवं निकासी, ऋण सुविधा सहित सभी प्रमुख बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सरल, सुरक्षित और बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैंक शाखा के खुलने से उनके जीवन में एक नया अध्याय शुरू होगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### रांची में किन्नरों से मारपीट और पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी रांची के कचहरी चौक के पास मंगलवार तड़के करीब तीन बजे मारपीट की घटना के बाद पुलिस और आरोपितों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने इस बाबत बताया कि दो युवकों ने किन्नरों के साथ मारपीट की, जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पहले किन्नरों के साथ मारपीट की और फिर बोलेरो वाहन से उन्हें कुचलने की कोशिश की। विरोध करने पर वहां मौजूद लोगों के साथ भी हाथापाई की गई। घटना के बाद आरोपित वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा किया, इस दौरान आरोपितों ने पुलिस वाहन को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। एसपी के अनुसार, मांडर थाना क्षेत्र के बरकी गांव की ओर भागते समय पुलिस ने नाकेबंदी कर बोलेरो (नंबर जेएच 01एफडी-5302) को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने वाहन तेज गति से चलाते हुए पुलिसकर्मियों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसमें एक होमगार्ड जवान भी घायल हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने और आत्मरक्षा में पुलिस की ओर से फायरिंग की गई, जिसमें एक गोली वाहन की आगे की सीट पर बैठे व्यक्ति को लगी। बाद में घायल को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गुरफान अंसारी (30 ) और इस्तियाक अंसारी (25 ), निवासी नगड़ी थाना क्षेत्र रांची के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इस्तियाक अंसारी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी रौशनी खलको के प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन में उमड़ा जनसैलाब

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी समर्थित महापौर प्रत्याशी रौशनी खलको के प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सहजानंद चौक के समीप बहुत धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रत्याशी रौशनी खलको के साथ राँची विधायक सी पी सिंह ,हटिया विधायक नवीन जायसवाल, के के गुप्ता, वरुण साहू , मनोज मिश्रा , सुबोध सिंह गुड्डू,संदीप वर्मा, रमेश सिंह , राजू सिंह, बलराम सिंह , जितेन्द्र वर्मा, विश्वजीत सिंह, रोमीत नारायण सिंह, ललित ओझा, सूरज चौरसिया, शंकर दुबे के साथ सैकड़ों समर्थक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महापौर प्रत्याशी रौशनी खलको ने सभी समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के लगातार मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से आज ही विजय सुनिश्चित हो गई है। मौके पर उपस्थित राँची विधायक सी पी सिंह और हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने प्रत्याशी रौशनी खलको को आशीर्वाद दे हुए जनता से आग्रह है महापौर प्रत्याशी मति रोशनी खलखो जी को भारी मतो से जीत दिलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं।

## रांची महापौर पद की उम्मीदवार रोशनी खलको ने पदयात्रा कर किया जनसंपर्क, जनता से समर्थन की अपील



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** रांची की महापौर पद की उम्मीदवार रोशनी खलको ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा कर जनता से सीधे संपर्क किया और अपने चुनाव प्रचार को आगे बढ़ाया। रोशनी खलको ने एदलहातु बाबा टेंट हाउस से अपनी पदयात्रा की शुरूआत की और फूचका गलीअंतू चौक, हरिहर सिंह रोड होते हुए रिम्स तक जनसंपर्क किया। पदयात्रा के दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर अपने विकास एजेंडे और योजनाओं का विवरण साझा किया। रोशनी खलको ने कहा पदयात्रा के दौरान शहर के हर कोने से जनता का अनंत आशीर्वाद और प्यार मिल रहा है। लगातार मिल रहे आशीर्वाद से यह महसूस हो रहा है कि रांची की जनता ने अपना फैसला सुना दिया है, यह यात्रा रांची के विकास के लिए संकल्पों की यात्रा है। महापौर प्रत्याशी ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी प्राथमिकताओं में शहर के सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम का सुधार, सभी वार्डों में जल स्त्रोतों का संरक्षण और खेल पार्कों का निर्माण शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि ये कदम रांची को एक स्मार्ट और नंबर वन शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होंगे। इससे पहले मंगलवार सुबह प्रचार वाहन का शुभारंभ रांची से विधायक सी. पी. सिंह ने भगवा झंडा दिखाकर किया। इस मौके पर महापौर प्रत्याशी रोशनी खलको के साथ भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, के. के. गुप्ता, और सैकड़ों समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रांची में दो सगी बहनें लापता, पुलिस ने तेज की तलाश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची से बच्चों के लापता होने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला रातू थाना क्षेत्र के गोकुलधाम चटकपुर मिलन चौक का है, जहां से 8 फरवरी को दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। लापता बच्चियों की उम्र 16 वर्ष और 12 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानतकारी के अनुसार, 8 फरवरी को दोनों बहनें दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजन चिंतित हो उठे। परिवार के सदस्यों ने पहले दुकान पर जाकर पूछताछ की, इसके बाद रिश्तेदारों, दोस्तों और आसपास के इलाकों में भी व्यापक खोजबीन की, लेकिन दोनों बच्चियों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद बच्चियों के पिता सुजीत शर्मा ने रातू थाना में दोनों बेटियों की गुमशुदगी को लेकर लिखित आवेदन दिया। पिता ने पुलिस को बताया कि दोनों बच्चियां अक्टूबर 2025 में बिहार के जहानाबाद स्थित ननिहाल से रांची के रातू क्षेत्र आई थीं। उन्होंने बताया कि छोटी बच्ची कक्षा पांच में पढ़ती है, जबकि बड़ी बच्ची ने वर्ष 2025 में मैट्रिक की परीक्षा पास की है। एक साथ दो बच्चियों के लापता होने से परिवार पूरी तरह खौफजदा है। वहीं, आस-पड़ोस के लोग और स्थानीय निवासी भी इस घटना से दहशत में हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि दोनों बच्चियों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जा सके। इस संबंध में रातू थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने बच्चियों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस टीम मिलन चौक और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि बच्चियों की अंतिम लोकेशन और संभावित गतिविधियों का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही बच्चियों के संबंध में कोई ठोस जानकारी मिलने की उम्मीद है।

### मधुपुर के सेवानिवृत्त कर्मचारी शंभुकांत दुबे के पेंशन मामले में उच्च न्यायालय ने भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**रांची।** मधुपुर (देवघर) नगर परिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारी शंभुकांत दुबे (मृतक) के सेवानिवृत्ति लाभ भुगतान से जुड़ा अवमानना मामला झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई के लिए पेश हुआ। अदालत के आदेश के अनुसार नगर विकास सचिव और कार्यपालक अधिकारी सशरीर उपस्थित हुए। नगर विकास सचिव ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को मिलने वाला मासिक भुगतान बढ़ाकर 10,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने नगर विकास सचिव और कार्यपालक अधिकारी को अगली सुनवाई में मामले का समाधान निकालकर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

### रांची में वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के कटहल मोड़ के पास पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके पर ही पूरी राशि जब्त कर ली। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद नकद राशि चुनाव में खर्च करने के उद्देश्य से ले जाई जा रही थी।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301
*Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com*

**मेधावी छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक–5094, दिनांक– 27.11.2025 के आलोक में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत् जिले में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के 200 छात्र–छात्राओं को राज्य के अंदर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना है।

सभी प्रतिभागियों (200 बच्चे) के एक रात दो दिन तक जमशेदपुर के विभिन्न शैक्षणिक/दर्शनीय स्थलों (कम से कम 05 शैक्षणिक/दर्शनीय स्थल) का सुरक्षापूर्ण/आरामदायक भ्रमण हेतु इंडियन टूरिज्म या झारखण्ड पर्यटन से निबंधित संस्थान/Agencies (Including all time like Fooding, Accommodation) से द्विलिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा के सभी शर्तों के निमित हजारीबाग का वेबसाईट https://hazaribag.nic.in देखा जा सकता है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 09.02.2026 के पूर्वाह्न 10:30 बजे से दिनांक 18.02.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक 20.02.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक जमा लिया जायेगा तथा निविदा उक्त तिथि को ही क्रय समिति के समक्ष अपराह्न 03:30 बजे खोली जायेगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, हजारीबाग

PR 372747 School Education and Literacy(25-26).D

# चुनाव को लेकर द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**खूंटी।** नगर पंचायत (आम) निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ कन्या विद्यालय में द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 124 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण राज्य निर्वाचन आयोग की सामान्य प्रेक्षक रश्मि लकड़ा ने किया।

सामान्य प्रेक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण कक्ष में चल रहे सत्रों का बारीकी से अवलोकन किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान अधिकारियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनकी तैयारी और समझ का आकलन किया। अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करने के निर्देश दिया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने आदर्श आचार संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण–जैसे बूथ की संरचना, पीठासीन पदाधिकारी और अन्य मतदान अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, मतदान अभिकताओं की नियुक्ति और उनके बैठने की व्यवस्था–के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके अलावा मतदान में प्रयुक्त सभी प्रपत्र, पैकेट और मतपेटियों को खोलने, सील करने और उनके सुरक्षित संचालन की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया। मतदान अधिकारियों को मतपेटियों के संचालन की पूरी व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

जिला प्रशासन ने सभी मतदान अधिकारियों से अपील की है कि वे निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही आम मतदाताओं से भी मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, डीसीएलआर अरविंद कुमार ओझा और उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE PRINCIPLE DISTRICT JUDGE-CUM-CHAIRMAN, DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, GUMLA**

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

**Tender Reference No: 01/DLSA/2026** **Dated: 09.02.2026**

Sealed tenders are invited from reputed Manufacturers/Authorized Dealers/Suppliers for the Supply and Delivery of the following vehicle for the District Legal Services Authority, Gumla: -

1. **Vehicle Description:** One (01) Unit of **Mahindra Bolero Neo N11 White** (Latest Model).
2. **Terms & Conditions:**
   - Bidders are required to quote their rates on per-unit basis. The rates should be inclusive of all Taxes, GST, Registration, Insurance, and other charges.
   - Bidders must submit their sealed quotations in the office of the Secretary, District Legal Services Authority, Gumla.
   - The bidder must be an Authorized Dealer of Mahindra & Mahindra. Valid authorization certificate, GST, and PAN registration certificates are mandatory.
   - The successful bidder must ensure the delivery of the vehicle within 7 days from the date of receipt of the formal Purchase Order.
   - Detailed technical specifications and requirements can be obtained from the Office of District Legal Services Authority, Civil Court, Gumla, during working hours.
   - The Purchase Committee reserves the right to reject any or all bids without assigning any reason.
3. **Key Dates:**
   - **(1) Start Date of Submission of Quotation: 09.02.2026 at 11:30 AM**
   - **(2) Last Date of Submission of Quotation: 17.02.2026 up to 05:00 PM**
   - **(3) Date & Time of Opening of Tender: 19.02.2026 at 01:30 PM**
   - **(4) Name & Address of the Officer Inviting Tender: Secretary, District Legal Services Authority, Gumla.**

Detailed specifications and terms can be viewed on the official website or the Office Notice Board.
Website: https://gumla.dcourts.gov.in Email: dlsagml38@gmail.com

**By Order, Secretary,**
**District Legal Services Authority, Gumla**

PR 372703 Law(25-26)#D

## संक्षिप्त खबर

### अखिल भारतीय हड़ताल को वामपंथियों ने किया समर्थन: सीटू



हजारीबाग। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को हटा कर जनविरोधी वीभी जी राम जी एवं मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता को देश में लागू करने के विरुद्ध देश के मान्यता प्राप्त दस श्रमिक संगठनों एवं स्वतंत्र फेडरेशनों के द्वारा दिनांक 12 फरवरी 26 को आहुत एक दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल को हजारीबाग के वाम दलों ने पुर्ण समर्थन किया है। इस संबंध में मंगलवार को एक बैठक सीपीआई कार्यालय में सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बताया गया कि वर्तमान बजट में वीभीजी राम जी के लिए एक रुपया का भी प्रावधान नहीं किया गया है। इससे ये योजना आरंभ होने के पहले ही मर जाएगी।वही चार श्रम संहिता को लागू कर देश में स्थाई नौकरी को समाप्त कर ठीकेदारी प्रथा को लागू कर दिया गया है जहाँ ₹ फिक्स टर्म ₹ यानी कि साल दो साल के लिए ठीके पर मजदूरो को रखा जाएगा। ये संहिता 18000/= से अधिक वेतन पाने वालों पर लागू नहीं होगा। ये संहिता लाने के पहले मोदी सरकार ने देश के 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया, जिससे सरकारी और स्थाई नौकरी करने वाले मजदूर, कर्मचारी और अधिकारियों की मुश्किलें बहुत बढ़ गई है। इसलिए वाम दल केन्द्र सरकार से मांग करती है कि अविलंब वीभीजी राम जी एवं चार श्रम संहिता को वापस लिया जाय। इस बैठक में सीपीआई के जिला सचिव अनिरुद्ध प्रसाद, महेन्द्र राम, स्वदेशी पासवान, मजीद अंसारी, अनवर हुसैन, भाकपा-माले के रोहित मेहता, मदन सिंह, सुधीर यादव, सीपीएम के तापेश्वर राम, ईश्वर महतो, सुरेश कुमार दास सहित कई साथियों ने बैठक में भाग लिया।

### सरायढेला पुलिस पर लगा गर्भवती महिला और बच्चे के साथ मारपीट का आरोप

धनबाद। सरायढेला थाना क्षेत्र के डाक्टर कालोनी में रहने वाले सदीक अंसारी की मकान खाली करवाने गयी पुलिस पर गर्भवती महिला और उसके बच्चे के साथ मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगा है। पीड़िता सहनाज खातुन कि माने तो उनका परिवार पिछले 50 वर्षों से उस जगह पर रहकर अपना जीवन यापन कर रहा है। पिछले कुछ दिनों से उसी कैंपस में बीसीसीएल के सहयोग से स्कूल चलाया जा रहा है। उसके ही प्रिंसिपल के जरिये गौमांस फैंकने का गलत आरोप लगाकर जगह खाली करवाने को लेकर सरायढेला थाना में आवेदन दिया गया था। उसी के आलोक में मंगलवार को कार्रवाई करने गई पुलिस पर घर में मौजूद गर्भवती महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट का आरोप लगा है। महिला के जरिये बताया गया कि बार-बार मिन्नत करने के बाद भी पुलिस की ओर से मारपीट की गई और गाली गलौज किया गया। पुलिस की ओर से किए गए शर्मनाक कार्रवाई से महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन द्वारा एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इंटरनेट के सुरक्षित, सतर्क एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में इंटरनेट फ्रॉड, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल एवं लिंक के माध्यम से होने वाली ठगी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उचित उपयोग तथा डीपफेक तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल तकनीक ने प्रशासनिक कार्यों को सरल एवं प्रभावी बनाया है, किंतु इसके सुरक्षित उपयोग हेतु जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासकीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सतर्कता से न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था, कार्यालयों एवं आम जनता को भी साइबर खतरों से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने सभी से किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश अथवा डिजिटल सामग्री के प्रति सतर्क रहने की अपील की।कार्यशाला में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर किया जाने वाला कोई भी कॉल पूर्णतः फर्जी होता है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर भय का माहौल बनाते हैं तथा डीपफेक जैसी आधुनिक तकनीकों का दुरुपयोग करते हैं। कार्यशाला में उपायुक्त ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सुरक्षित इंटरनेट का इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई। कार्यशाला का संचालन जिला सूचना पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यशाला में उपरोक्त के अतिरिक्त प्रशिक्षु आईएसएस, जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, पत्नी को भी राहत



हजारीबाग। नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने विनय सिंह को दो मामलों में नियमित जमानत प्रदान की है। वहीं उनकी पत्नी को तीन मामलों में किसी भी प्रकार की दंडनात्मक कार्रवाई से राहत देते हुए ह्लनो कोएर्सिव स्टेप्सह्व यानी अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। झारखंड सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की रिट याचिका को स्वीकार करते हुए अपीलकताओं के पक्ष में आदेश पारित किया। इस दौरान कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बावजूद आरोपी के खिलाफ दो नए केस दर्ज किए गए हैं। बता दें कि हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में आरोपी कारोबारी विनय कुमार सिंह के खिलाफ हजारीबाग एसीबी कांड संख्या 11/2025 दर्ज की है। आरोप है कि विनय कुमार सिंह ने हजारीबाग में 28 डिसमिल गैर मजरुवा खास जंगल झाड़ की सरकारी जमीन की खरीद की थी। सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से उसने इस जमीन का गलत तरीके से म्यूटेशन भी करा लिया था। इसके बाद एसीबी ने मामले में केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। मामले में हजारीबाग एसीबी कांड संख्या 11/2025 दर्ज किया गया है। वहीं विनय सिंह के खिलाफ हजारीबाग में जमीन घोटाला से संबंधित एक और मामला दर्ज किया गया है।

### एक मार्च को धूमधाम से माता शबरी जयंती मनाने जाने का निर्णय

बड़कागांव। बड़कागांव अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का शबरी जयंती को लेकर बरवाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण मे मंगलवार को बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम भुइयां एवं संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुइयां ने किया। सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता शबरी जयंती धूम-धाम से एक मार्च को महुदी भोक्ता स्थान के प्रांगण में किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष अलग अलग गांव में मनाया जाएगा। मौके पर प्रभु भुइयां, शंकर भुइयां, वार्ड सदस्य अशोक राम, रामवृक्ष भुइयां, रामचंद्र भुइयां, उदय भुइयां, संतोष भुइयां, संजीत भुइयां आदि लोग उपस्थित थे।

### चरही: सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

चरही। चरही थाना क्षेत्र के एनएच 33 पर लीला होटल के समीप मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक अज्ञात ट्रक मार कर चलते बना। लोगों ने बताया कि एक एक्सीडेंटल टेलर हजारीबाग से रामगढ़ कीओर जा रहा था। इसी बीच एक मोटरसाइकिल चकमा दे दिया, जिससे दूसरे मोटरसाइकिल को टेलर रौंद कर चलते बना। मौके पर चरही पुलिस पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक बिहार राज्य के सिवान जिले का रहने वाला बताया जाता है। मृतक मांडू में रहकर फेरी कर सामग्री बेचने का काम करता था।

### योगेंद्र कुमार निर्विरोध बनें पुन: महुगाईकला पंचायत पैक्स अध्यक्ष



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला पंचायत पैक्स चुनाव के लिए अध्यक्ष पद में ननकू राम द्वारा अपना नाम वापस लेने के बाद तत्कालीन अध्यक्ष योगेंद्र कुमार निर्विरोध पुणे अध्यक्ष बनें। चुनाव प्रक्रिया के दुसरे दिन महुगाईकला पंचायत सचिवालय परिसर में चुनाव पर्यवेक्षक आंगो पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष शिबू कुमार के समक्ष ननकू राम द्वारा अपना नाम वापस लिया गया। तत्पश्चात चुनाव प्रभारी द्वारा योगेंद्र कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव प्रभारी द्वारा घोषणा किए जाने के बाद योगेंद्र कुमार को ननकू राम सहित उपस्थित सभी लोगों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। 9 फरवरी को अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी ननकू राम एवं तत्कालीन अध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने अपना-अपना नामांकन दाखिल की थी। इसके अलावा 14 कार्यकारिणी सदस्य के लिए चुरामन गोप, गणेश साव सहित अन्य 7 लोगों ने नामांकन किया है। उक्त पैक्स में कुल 482 मतदाता हैं। 23 फरवरी को मतदान होने की तिथि निर्धारित थी। उक्त पैक्स चुनाव के लिए हजारीबाग सहायक निबंध सहयोग समिति कार्यालय के पत्रांक 593 दिनांक 18/ 11/ 2025 को सहायक निबंधक मनीष कुमार मेहरा के हस्ताक्षर में सूचना पत्र जारी की गई थी। मौके पर पूर्व मुखिया बिगल चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप, रामकिशोर शुक्ला, वार्ड सदस्य छात्रधारी कुमार, जितेंद्र सिंह उर्फ गुड़न, गणेश साव, समीर पाठक उर्फ भोला, मोहम्मद मोदेसर मोहन साव, रोहित कुमार, मोहम्मद खालिद, किशोर कुणाल उर्फ चंदन, अंकित सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थें।

## हजारीबाग में डाक विभाग का शक्ति प्रदर्शन- भव्य 'डाक महामेला' में बरसीं सरकारी योजनाएं

### वित्तीय समावेशन और सुरक्षा पर दिया गया बल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। डिजिटल होती दुनिया में भी भारतीय डाक विभाग की विश्वसनीयता और उसकी पहुंच आज भी अद्वितीय है। इसी विश्वास को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से हजारीबाग डाक प्रमंडल द्वारा स्थानीय पैराडाइम रिसॉर्ट में एक भव्य 'डाक महामेला' का आयोजन किया गया। डाक अधीक्षक निरंजन कुमार के कुशल नेतृत्व और निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम ने वित्तीय साक्षरता और निवेश जागरूकता की एक नई मिसाल पेश की गई। शहर स्थित पैराडाइम रिसॉर्ट में दीप प्रज्वलित कर ह्यडाक महामेलाह्न का विधिवत शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डाक निदेशक राम विलास चौधरी एवं अन्य गणमान्य₹अतिथि गण उपस्थित थे। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड परिमंडल के डाक निदेशक (मुख्यालय) राम विलास चौधरी ने शिरकत की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखण्ड परिमंडल के उप मंडलीय प्रबंधक (डाक जीवन बीमा) अमित कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मिस श्वेता कुमारी और मिस रोज कुमारी ने अपनी वाकपटुता से बहुत ही कुशलतापूर्वक किया।

**अंत्योदय के लक्ष्य को साधता डाक विभाग**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राम विलास चौधरी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के इस क्रांतिकारी युग में भी डाक विभाग अपनी जड़ों से जुड़ा है। विभाग 'अंत्योदय' की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार के वित्तीय समावेशन (Financial Inclusion) के विजन को साकार करने में लघु बचत योजनाएं और आईपीपीबी एक मजबूत स्तंभ साबित हो रही हैं।

**18 फरवरी को चलेगा विशेष महाअभियान**

विशिष्ट अतिथि अमित कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि आगामी 18 फरवरी को डाक जीवन बीमा (पीएलआई) के लिए एक वृहद विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## बड़कागांव: सेहदा गांव में खुलेआम कोयले का अवैध डंप, विभागीय चुप्पी पर उठा सवाल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा पंचायत स्थित सेहदा गांव में खुलेआम कोयले का अवैध डंप किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के आसपास रोजाना ट्रैक्टर और भारी वाहनों से बड़े पैमाने पर कोयले की ढुलाई और भंडारण किया जा रहा है। दिनदहाड़े हो रही इस अवैध गतिविधि के बावजूद फॉरेस्ट विभाग, पुलिस विभाग और माइनिंग विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला माफिया लगातार सक्रिय हैं और प्रशासन की चुप्पी से इनके हौसले और बुलंद हो रहे हैं। जानकारी मिलने के बावजूद फॉरेस्ट अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जबकि पुलिस विभाग की उदासीनता भी सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध डंपिंग से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कार्रवाई नहीं की, तो यह क्षेत्र पूरी तरह से कोयला माफिया के नियंत्रण में चला जाएगा। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर कोयला तस्करों और इस अवैध गतिविधि में शामिल लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। सेहदा गांव में हो रहा यह कोयला डंपिंग प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय निष्क्रियता का बड़ा उदाहरण बनकर उभर रहा है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन कब तक इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेता है।

## भूख-प्यास से व्याकुल हिरण जंगल से भटककर पहुंचा गांव

ललन कुमार/ उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। जिले के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में कोल कंपनियों की वजह से जंगल कट रहे हैं। जंगली पशुओं का जीना दूभर हो गया है। भूख-प्यास बुझाने के लिए मंगलवार सुबह भटककर एक हिरण नवाखाप गांव के पास कुरकुटिया टांड के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया। जहां कुत्तों के झुंड ने हिरण को अपना शिकार बनाने के लिए उसे दौड़ाना शुरू कर दिया। इसी दौरान कुत्तों ने हिरण को लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों की नजर पड़ते ही हिरण को कुत्तों के झुंड से बचाया गया और सुरक्षित गांव में लाया गया। बाद में वन विभाग के पदाधिकारी को सूचना दी गई। वन विभाग के पदाधिकारी के पहुंचने पर ग्रामीणों ने हिरण को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में विगत कुछ वर्षों से कोल माइंस खुलने के कारण लगातार वन्य जीव-जन्तु मानव आबादी वाले क्षेत्रों में भटककर आने लगे हैं। जंगलों की कटाई से हाथी भी केरेडारी प्रखंड के आबादी वाले क्षेत्रों के करीब पहुंच रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी उजड़ते जंगलों पर पहले भी नाराजगी जता चुके हैं। केरेडारी और बड़कागांव इलाकों में कोल कंपनियों द्वारा बिना वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट प्लान के खनन और ट्रांसपोर्टेशन किए जाने से वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके प्रबंधन पर गंभीर असर पड़ा है। इस मौके पर वन विभाग के पदाधिकारी देवचंद महतो ने कहा कि जंगलों के उजड़ने से वन्य जीव ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

### हिरण को ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा



केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के नवाखाप जंगल से भटककर एक जंगली हिरण नवाखाप कुरकुटिया टांड़ में पहुंचा जहां कुत्ते की झुंड ने उसे अपने शिकार करने के लिए उसे लहू लुहान कर दिया। नवाखाप के ग्रामीण राजू गोस्वामी के परिवार के नजर पड़ते ही उसे कुत्ते की झुंड से बचाकर सुरक्षित बचाकर अपने घर ले आया। नवाखाप के ग्रामीणों ने सुबह 8:30 बजे टंडवा वन क्षेत्र के पदाधिकारी को सूचित किया। 9 बजे टंडवा वन क्षेत्र के पदाधिकारी विजय कुमार, सत्यनारायण कुमार दास, शत्रुघन कुमार चौबे,सुनील उरांव,इंद्रदेव कुमार,मनोज कुमार दास अपने दल बल के साथ पहुंच गए।

## सड़क हादसे में टूटा पैर, पर नहीं टूटा हौसला,दो किलोमीटर तक कंधे पर भविष्य का बोझ

### केंद्र पर भावुक हुए लोग, जज्बे को मिला सलाम

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण और पिता के संघर्ष की एक ऐसी तस्वीर हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड से सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। केरेडारी प्रखंड में एक पिता अपने घायल बेटे को कंधे पर उठाकर करीब दो किलोमीटर तक पैदल चलकर परीक्षा केंद्र पहुंचा, ताकि हादसे की वजह से उसका एक साल बर्बाद न हो जाए।

**सड़क हादसे में टूटा पैर, पर नहीं टूटा हौसला**

केरेडारी प्रखंड के बेलतू गांव की है, जहाँ रामवृक्ष साव का पुत्र ओम प्रकाश कुमार इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दे रहा है। शनिवार को परीक्षा देकर घर लौटते समय ओम प्रकाश एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। एक अनियंत्रित बाइक की टक्कर से उसका बायां पैर बुरी तरह टूट गया। घर में मातम और चिंता का माहौल छा गया, क्योंकि सोमवार को विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय की परीक्षा थी और ओम प्रकाश चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ था।

**दो किलोमीटर तक कंधे पर भविष्य का बोझ**

डॉक्टरों ने ओम प्रकाश को आराम की सलाह दी थी, लेकिन पिता रामवृक्ष साव ने हार नहीं मानी। उन्होंने संकल्प लिया कि बेटे की साल भर की मेहनत बेकार नहीं जाने देंगे। सोमवार सुबह जब वाहन की व्यवस्था नहीं हो सकी, तो पिता ने अपने बेटे को कंधों पर बैठाया और चिलचिलाती धूप व थकान की परवाह किए बिना दो किलोमीटर का सफर पैदल ही तय किया। पिता के चेहरे पर पसीना था, लेकिन मन में केवल एक ही लक्ष्य था, बेटे को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाना।

# बैंक ऑफ इंडिया का महामंथन: हजारीबाग अंचल में 'रिव्यू कम स्ट्रेटेजी मीट' संपन्न

## बैंकिंग सेवाओं में उत्कृष्टता और रिकवरी पर दिया गया विशेष बल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल की ओर से मंगलवार को रिव्यू कम स्ट्रेटेजी मीट का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड और आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने बैंकिंग बैंक ऑफ इंडिया का महामंथन, हजारीबाग अंचल में ह्यरिव्यू कम स्ट्रेटेजी मीटह्न संपन्न, बैंकिंग सेवाओं में उत्कृष्टता और रिकवरी पर विशेष जोर हजारीबाग की बैंकिंग दुनिया में एक सकारात्मक अध्याय जोड़ते हुए बैंक ऑफ इंडिया, हजारीबाग अंचल द्वारा एक उच्च स्तरीय 'रिव्यू कम स्ट्रेटेजी मीट' का भव्य आयोजन किया गया। इस रणनीतिक बैठक का मूल उद्देश्य न केवल विगत कार्यप्रदर्शन का सूक्ष्म विश्लेषण करना था, बल्कि आगामी वित्तीय लक्ष्यों को भेदने के लिए एक सुदृढ़ रूपरेखा तैयार करना भी था। कार्यक्रम का आगाज भारतीय संस्कृति के अनुरूप दीप प्रज्वलन, ईश वंदना और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे सभागार में एक ओजस्वी और सात्विक वातावरण निर्मित हो गया। इस महत्वपूर्ण सत्र में अंचल के शीर्ष अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों और प्रोसेसिंग सेंटर के प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक (एफजीएमओ, रांची) गुरु प्रसाद गोंड ने अपने उद्बोधन से उपस्थित अधिकारियों में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैंकिंग केवल लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्वास का एक अटूट बंधन है। गोंड ने टीम भावना को सर्वोपरि बताते हुए ग्राहक-केंद्रित कार्यशैली अपनाने का आवाहन किया। उनका जोर इस बात पर था कि बैंक को परिणामोन्मुख दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। वहीं, आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में परिचालन उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे केवल लक्ष्यों की प्राप्ति तक सीमित न रहें, बल्कि नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अनुशासित होकर कार्य करें। उनकी बातों में भविष्य की चुनौतियों से निपटने और बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का दृढ़ संकल्प दिखाई दिया। वित्तीय सुदृढ़ता के लिए रिकवरी के महत्व को रेखांकित करते हुए उप आंचलिक प्रबंधक खिरोध चंद्र साहू ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सतत निगरानी और प्रभावी फॉलो-अप अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को सक्रिय कार्यप्रणाली अपनाने का मंत्र दिया ताकि बैंक की आर्थिक नींव और अधिक मजबूत हो सके। समारोह के अंतिम चरण में, उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रदर्शन करने वाले कर्मठ अधिकारियों और शाखाओं को ह्लरिवार्ड एंड रिकग्निशनह्व कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने न केवल विजेताओं का मनोबल बढ़ाया, बल्कि अन्य कर्मियों को भी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एचएमएस की बैठक सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में हॉस्पिटल मैनेजमेंट सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने की। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ओपीडी संचालन, जांच सेवाओं के विस्तार, अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक सुझाव दिए गए। चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने अस्पताल में वर्तमान में चल रहे कार्यों, उपलब्ध संसाधनों तथा भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी सदस्यों को दी। प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल क्षेत्र की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराता है, इसलिए इसकी व्यवस्था को और बेहतर बनाना प्राथमिकता है। वहीं विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने संबंधित अधिकारियों को मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में बीडीओ जयपाल महतो, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सदस्य सुरेंद्र रजक, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, सुधांशु सुमन, बिजेंद्र सिन्हा, सोनी रविदास सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने अस्पताल की सेवाओं में सुधार को लेकर सहयोग का भरोसा दिलाया।

## संक्षिप्त खबर

### लेबर कोड के विरोध में 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल



धनबाद। श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और चार नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के विरोध में 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल आयोजित की जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को धनबाद परिषदन में सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों की ओर से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई। प्रेस वार्ता में नेताओं ने बताया कि इससे पहले 9 जुलाई 2025 को भी चार लेबर कोड और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल की गई थी। उनका आरोप है कि नए श्रम कानूनों के लागू होने से मजदूरों के अधिकार कमजोर हुए हैं और वे खुद को असुरक्षित एवं असहाय महसूस कर रहे हैं। ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां श्रमिकों के हितों के बजाय निजीकरण और कॉर्पोरेट घरानों को बढ़ावा देने वाली हैं। ऐसे में मजदूर संगठनों ने संयुक्त रूप से 12 फरवरी को हड़ताल कर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष कई मांगें रखीं गई हैं। जिनमें चारों श्रम संहिताओं एवं उनके नियमों को तत्काल रद्द करने, सम्मानजनक रोजगार और न्यूनतम मजदूरी की कानूनी गारंटी, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन की व्यवस्था, सभी के लिए खाध, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास, कोयला उद्योग में कमर्शियल माइनिंग पर रोक, कोयला मजदूरों के लिए 20 लाख रुपये तक ग्रेच्युटी 1-1-2017 से लागू करने, जेबीसीसीआई-12 का शीघ्र गठन, भूमि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों (लैंड लूजर) को तत्काल नियोजन, कोयला क्षेत्र में ठेका प्रथा पर अंकुश लगाने आदि मांगे शामिल है।

### गड्ढे से मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

धनबाद। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागसुमा गांव में मंगलवार को एक गड्ढे में तैरता हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने जब पानी भरे गड्ढे में शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान करीब 35 से 40 वर्षीय विजय कुमार के रूप में हुई है, जो बागसुमा गांव का ही रहने वाला बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गोविंदपुर थाना पुलिस के गिरधारी कुमार साहू ने बताया कि जिस गड्ढे में शव मिला, उसमें करीब दो से तीन फीट पानी था। प्रथम दृष्टया आशंका है कि व्यक्ति शराब के नशे में गड्ढे में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.

# उपायुक्त ने अक्षय पात्रा फाउंडेशन, डेमोटांड़ का किया औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को डेमोटांड़ स्थित अक्षय पात्रा फाउंडेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न कार्यों, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा आवश्यक संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बॉयलर इंस्टॉलेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, लंबित स्टीम कनेक्शन को अविलंब पूरा करने तथा वेजिटेबल कोल्ड रूम के इंस्टॉलेशन से संबंधित लंबित कार्यों को समय पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रसोई संचालन में किसी भी प्रकार की तकनीकी या आधारभूत कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने संस्थान की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बोरवेल कनेक्शन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सर्फेस वाटर रिचार्ज प्लान तैयार कर उसे लागू करने तथा तालाब खुदाई से संबंधित आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। साथ ही जल गुणवत्ता की नियमित जांच हेतु वाटर टेस्टिंग किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मैनपावर की कमी पर भी चर्चा की गई, जिस पर उपायुक्त ने आवश्यकतानुसार मानव संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वेजिटेबल वेस्ट के समुचित निपटान हेतु ठोस एवं प्रभावी वेस्ट मैनेजमेंट प्लान तैयार करने, ड्रेनेज सिस्टम से संबंधित समस्याओं को शीघ्र दुरुस्त करने तथा परिसर की स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में 24 घंटे क्रियाशील सीसीटीवी कैमरे संधारित रखने तथा उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी समस्या से बचा जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के अलावे जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, भवन निगम के अभियंता, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अक्षय पात्रा फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बरही में जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन, सैकड़ों किसान हुए शामिल

### कम लागत में अधिक उत्पादन सरकार की प्राथमिकता

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। बरही प्रखंड मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, एसडीओ जोहन टुडू, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, बीडीओ जयपाल महतो, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी व मणिलाल यादव, डीएचओ जशवंत कुमार, सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी रायमुनि हेम्ब्रम ने की, जबकि संचालन उपपरियोजना निदेशक डॉ. रजनीश आनंद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। पत्तों से बनी माला व टोपी पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया, इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मनोज यादव ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसान इसकी रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें, इसी दिशा में कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए केज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विधायक ने युवाओं से कृषि को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी। उन्होंने कहा कि बरही क्षेत्र में जिले के सबसे अधिक किसान हैं, इसलिए यहां विशेष फोकस किए जाने की जरूरत है। संसाधन मिलने पर यहां के किसान उन्नत खेती कर सकते हैं। उन्होंने राज्य के कृषि विभाग और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की भी सराहना करते हुए कहा कि विभाग किसानों के हित में बेहतर कार्य कर रहा है। अन्य अतिथियों ने भी किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी और इस प्रकार के आयोजनों को लाभकारी बताया। कार्यक्रम के दौरान भूमि संरक्षण विभाग की ओर से चौपारण रामपुर प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति, केदारुत कजरा दुर्गा आजीविका सखी मंडल तथा बरकट्ठा गैंडा दुर्गा आजीविका सखी मंडल के बीच ट्रैक्टर का वितरण किया गया। इसके बाद अतिथियों ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और किसानों से सीधे संवाद किया। मेले में 108 किसानों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार में नैपसेक स्पेयर, द्वितीय में एग्रीकल्चर टूल किट, तृतीय में कुदाल तथा सांत्वना पुरस्कार में पास देने वाला कुदाल दिया गया। कुल 12 स्टाल लगाए गए, जिनमें कृषि, उद्यान, आत्मा, भूमि संरक्षण, मत्स्य, पशुपालन, ड्रिप इरिगेशन, एफपीओ, इफको, जेएसएलपीएस सहित उर्वरक विक्रेताओं के स्टाल प्रमुख रहे। प्रदर्शनी में बरही, चौपारण, बरकट्ठा, चलकुशा, पदमा, इचाक व सदर प्रखंड के किसान शामिल हुए। मौके पर बड़ी संख्या में

## बड़कागांव में राजईशु होम्स प्राइवेट लिमिटेड का उदघाटन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। हजारीबाग रोड स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के ऊपर तल्ले में राजईशु होम्स प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार एवं आजसू नेता सह समाजसेवी गंगा सावा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर संचालक दुलारचंद कुमार उर्फ अरुण ने बताया कि यह संस्था प्रॉपर्टी क्रय - विक्रय एवं निवेश करने का काम करेगी जिससे यहां के लोगों को आसान होगा। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि अगर इस तरह की संस्था यहां खुलता है तो भोले - भाले ग्रामीणों को खरीद- बिक्री करना आसान होगा। गंगा साव ने कहा कि आज कल लोगों को जमीन लेने एवं भवन बनाने के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था इसमें कई लोग जलशाजी का भी शिकार हो जाते थे, लेकिन अब या संस्था बड़कागांव में स्थापित होने से बड़कागांव केरेडारी के लोगों को आसान होगा और किसी प्रकार की कोई दिक्कत भी नहीं होगी। कोई व्यक्ति अगर जमीन लेना चाहे या भवन लेना चाहे तो बड़कागांव के इस ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार , आजसू नेता सह समाजसेवी गंगा साव, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर सोनू इराकी ,रोशन ठाकुर, दशरथ साव, दुलार चंद उर्फ अरुण,शंकर राणा, गणेश राणा निरंजन यादव ,प्रवीण महतो ,उमेश महतो, दिनेश राणा ,विजय महतो, अजीत कुमार, सुनील करमाली, संदीप कुमार ,कमलेश कुमार ,सुरेंद्र कुमार, मनोज पांडेय ,लक्ष्मी कुमारी ,नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

## ज्वेलरी दुकान से हुए लूट भुक्तभोगी से मिले बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत डेली मार्केट दुर्गा मंदिर के समीप स्थित नंदिनी ज्वेलर्स में बीते 7 फरवरी की सुबह लगभग 25 लाख रुपए की आभूषण की डकैती की घटना को लेकर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने मंगलवार को बड़कागांव नंदनी ज्वेलर्स पहुंचे उन्होंने दुकान के प्रोपराइटर प्रभु सोनी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर लुट कांड एवं गोलीबारी की विस्तृत जानकारी ली। एवं पीड़ित परिवार को ढाढस देते हुए परिजनों को हर संभव मदद करने की बात कही। घटनास्थल पर ही विधायक रोशन लाल चौधरी ने हजारीबाग जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से फोन पर बात कर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले के त्वरित उद्वेदन की मांग की। इस पर एसपी अंजनी अंजान ने विधायक को किया है कि पुलिस मामले के उद्वेदन में जुटी है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मौक पर विधायक ने इस गंभीर घटना पर गहरा अफसोस जताते हुए कहा कि हेमंत सरकार में पूरे झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। सरेआम व्यापारियों से लूटपाट करना यह कतई क्षम नहीं है।आगे विधायक श्री चौधरी ने कहा कि मेरे बड़कागांव के जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना चाहिए उनके दुख सुख के साथ-साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करना हमारी जिम्मेदारी है इसलिए किसी भी प्रकार की इस पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आगे उन्होंने सभी व्यापारी भाइयों को आश्वस्त किया कि आप निश्चित और निडर होकर अपना व्यवसाय चलाएं हम आपके साथ 24 घंटे खड़े हैं। मौके पर मुख्य रूप से पीड़ित प्रभु सोनी, कुशवाहा समाज के प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, आजसू नेता शशि कुमार मेहता, रुपेश वर्मा, सरोज सोनी, धीरेन सोनी, अमित महतो,लक्ष्मी सोनी, संदीप सोनी, आदित्य विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, दीपक ठाकुर, पंकज कुमार, तपेश्वर कुमार तापस, दिनेश कुमार, प्रकाश सोनी।

## चौपारण प्रखंड में आकांक्षी कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। प्रखंड सभागार चौपारण में मंगलवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग निर्धारित 6 सूचकांक को 14 अप्रैल 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, शिक्षा, पशु टीकाकरण, कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना है एवं ससमय लक्ष्य कि प्राप्ति करना हैं! अभियान के अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड के निर्धारित संकेतकों जैसे 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों को पूरक पोषण आहार, आंगनबाड़ी में सभी बच्चों कि माप दक्षता, आंगनबाड़ी में कार्यरत शौचालय एवं पेयजल कि उपलब्धता, विद्यालय में लड़कियों के लिए शौचालय की उपलब्धता, पशुओं को बोवाइन वैक्सीनेशन आदि की शत प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी! यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक मिशन मोड में चलाया जायेगा।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से सुचारु रूप से योजना बना कर कार्य करना है, साथ ही पंचायत के मुखिया, जन प्रतिनिधि को अपने पंचायत के विद्यालयों, आँगनबाड़ी के साथ आपसी सहयोग से कार्य करते हुए इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी में पीने का स्वच्छ पानी, कार्यरत शौचालय, विद्यालयों में लड़कियो के लिये शत प्रतिशत शौचालय की उपलब्धता हो यही पहली प्राथमिकता है साथ ही जिला के समन्वय से डीएमएफटी, 15वें वित्त,मनरेगा आदि के फंड से जरूरतानुसार बुनियादी जरूरतों को पूर्ण किया जायेगा। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष विरेंद्र रजक एवं सभी मुखिया ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलन किया तथा बीडीओ के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी संकेतकों को संतृप्त करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम मे आगे विभागवार सूचकांक की लक्ष्य प्राप्ति हेतु एक्शन प्लान सभी विभाग के प्रधान द्वारा दिया गया! इसके सन्दर्भ में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि चौपारण में कुल 161 विद्यालय है, नीति आयोग के सूचकांक अंतर्गत सभी विद्यालयों में लड़कियों के लिए शौचालय कि व्यवस्था 14 अप्रैल तक कि जानी हैं! उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थी वार उपलब्ध शौचालय का सर्वे किया जा रहा हैं, विद्यालय में लड़कियों के संख्या के अनुपात में शौचालय की उपलब्धता जिला के समन्वय से करवायी जाएगी।प्रभारी प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी ने बताया कि चौपारण में पशुओं का वैक्सीनेशन अगले सप्ताह से शुरू किया जायेगा, पंचायत वार शिविर लगाकर तय समय में वैक्सीनेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा!

बाल विकास परियोजना के अंतर्गत महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा बताया गया कि सभी आंगनबाड़ी में शौचालय एवं पेयजल कि मरम्मत तथा जरूरतानुसार नए शौचालय एवं पेयजल का निर्माण जिला स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के द्वारा किया जा रहा हैं। संपूर्णता अभियान के सूचकांक को तय समय में शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियमित समीक्षा की जाएगी साथ ही जमीनी स्तर पर सुधार हेतु प्रशिक्षु आईएस के द्वारा नियमित क्षेत्र भ्रमण किया जायेगा। मंगलवार के इस कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला अभियंता आशीष आनन्द, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार, प्रभारी प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी अमन कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुकुंद हंस, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मुकेश राम, मुखिया संघ के अध्यक्ष विरेंद्र रजक, पंचायत समिति सदस्य, सभी पंचायत के मुखियागण, शिक्षा बीपीएम, मनरेगा बीपीओ संतोष कुमार, प्रणव कुमार, नीति आयोग एबीफ सुरेश कुमार, सभी महिला पर्यवेक्षिका, जेएसएलपीएस के कर्मी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सभी विभाग सहयोगी कर्मी, प्रखंड कर्मी, पिरामल फाउंडेशन के सदस्य, बचपन बचाओ के सदस्य सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### चौपारण में पुन: हुई 15 परिवारों की 'घर वापसी



हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण से सामाजिक समरसता की एक बड़ी खबर सामने आई है। जिले के चौपारण प्रखंड में रविवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान 15 परिवारों ने ईसाई धर्म को त्यागकर स्वेच्छा से सनातन धर्म में 'घर वापसी' की। हिंदू धर्म की विराट संस्कृति और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से प्रेरित होकर इन परिवारों ने अपनी पुरानी जड़ों की ओर लौटने का निर्णय लिया।

**सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकजुटता पर जोर**

चौपारण प्रखंड के ग्राम चक्रसार और बजरंग क्लब दादपुर परिसर में सामाजिक समरसता एवं पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से ग्रामीण बैठकों का आयोजन किया गया था। इस बैठक में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। बैठकों का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और अपनी विरासत के संरक्षण पर चर्चा करना था। ईसाई मिशनरी के प्रभाव में आकर अपनी मूल संस्कृति से दूर हो गए थे' ग्राम चक्रसार और सिंहपुर के इन परिवारों ने बताया कि वे पूर्व में ईसाई मिशनरी पादरियों के प्रभाव में आकर अपनी मूल संस्कृति से दूर हो गए थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इससे वे अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूर्वजों की परंपराओं को भूलने लगे थे। समय के साथ अपनी जड़ों के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने सर्वसम्मति से हिंदू धर्म में लौटने का फैसला किया।

**मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से भव्य स्वागत**

घर वापसी करने वाले परिवारों का ग्रामीणों ने पारंपरिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वागत किया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संदेश दिया कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकजुटता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

### कच्चे मकान में रहने को मजबूर 15 सदस्यीय परिवार, पांच वर्षों से सरकारी मदद का इंतजार



बरही। बरही प्रखंड अंतर्गत धूड़गड़गी बसरिया पंचमाधव गांव की रहने वाली रेणु देवी पति मिथुन रविदास अपनी गोतनी समेत दोनों परिवारों के लगभग 15 सदस्यों के साथ एक ही कच्चे मिट्टी के मकान में रहने को मजबूर हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि रहने के लिए यही एकमात्र आश्रय बचा है। बताया जाता है कि उक्त कच्चा घर पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। बारिश और धूप से बचाव के लिए घर की छत और दीवारों पर तिरपाल लगाया गया है। बरसात के दिनों में पूरा परिवार रातभर जागकर समय बिताने को मजबूर रहता है, क्योंकि किसी भी समय मकान गिरने का डर बना रहता है। पीड़ित महिला रेणु देवी ने बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक किसी ने उनकी सुध नहीं ली है। न तो उन्हें सरकारी आवास योजना का लाभ मिल पाया है और न ही किसी प्रकार की अस्थायी सहायता उपलब्ध कराई गई है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। जरूरतमंद परिवार ने जिला प्रशासन व प्रखण्ड प्रशासन से तत्काल आवास सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### महाशिवरात्रि को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक, कमिटी गठित



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना परिसर में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, विष्णुगढ़ सपन कुमार महथा एवं संचालन गुरु प्रसाद साव के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से महाशिवरात्रि त्यौहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया, साथ ही बेहतर तरीके से मनाने हेतु उपस्थित शिव भक्तों के साथ विचार-विमर्श भी किया गया। इसके अलावा महा शिवरात्रि पूजा कमिटी का गठन कर सदस्यों के पद का मनोनयन किया गया। गठन के पश्चात अध्यक्ष सपन कुमार महथा, थाना प्रभारी, विष्णुगढ़ (पदेन), सचिव विनोद कुमार सिंह, सह-सचिव अजय प्रसाद साहू तथा शशि कुमार लहकार, उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), निर्मल कुमार, प्रकाश साव, अनुज कुमार तथा शैलेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, विष्णुगढ़ थाना (पदेन) एवं कार्यकारी कोषाध्यक्ष प्रियरंजन कुमार, विष्णुगढ़ थाना (पदेन) का मनोनयन किया गया। महाशिवरात्रि कमिटी के संरक्षक के रूप में बैजनाथ प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ (पदेन) को मनोनीत किया गया। वहीं संस्थापक सदस्यों में रामनारायण सिंह, निर्भय कुमार सिंह, सागेन मुर्मू, पंकज सिंदुरिया, दशरथ महतो, संत कुमार पाठक एवं चंदन कुमार सिंह का मनोनयन किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में 13 लोगों का मनोनयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रवीन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), बिपिन कुमार सिन्हा, रामचंद्र यादव, दीपू अकेला, संदीप कुमार, लखन प्रसाद, बसंत नारायण सिंह, अविनाश कुमार, मनोज कुमार, अनुज कुमार, बिनोद साव, अशोक कुमार, टूनटून कुमार समेत भारी संख्या में गणमान्य शिवभक्त उपस्थित रहे।

### गरीबों और महिलाओं के लिए सशक्त बजट : मुकुंद साव



बरही विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बार का बजट गरीबों के उत्थान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष रूप से केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट में समाज के कमजोर वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिससे उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। मुकुंद साव ने कहा कि महिलाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली योजनाएं बजट की बड़ी उपलब्धि हैं। उन्होंने इसे जनकल्याणकारी बजट बताते हुए कहा कि यह देश को विकास और समावेशी प्रगति की दिशा में आगे ले जाने वाला बजट है।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा समय की आवश्यकता : आइजी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**छात्रों-युवाओं और अभिभावकों की भूमिका अहम, साइबर अपराध से बचाव के लिए जरूरी है सावधानियां**




**बोकारो।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को जीजीएसईएसटीसी, कांड्रा चास के सभागार में साइबर सुरक्षा विषय पर एक व्यापक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर छात्रों, युवाओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानापुर प्रमंडल सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षाविद, छात्र एवं आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) सुनील भास्कर ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। शिक्षा, बैंकिंग, शासन, संचार एवं मनोरंजन सहित लगभग हर क्षेत्र में इंटरनेट का व्यापक उपयोग हो रहा है, किंतु इसके साथ ही साइबर अपराधों की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी वेबसाइट एवं लिंक, ओटीपी एवं केवाईसी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, फर्जी प्रोफाइल तथा व्यक्तिगत डेटा की चोरी जैसी बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। आइजी ने आम नागरिकों से इंटरनेट का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की।

**छात्रों, युवाओं और अभिभावकों की अहम भूमिका**

आइजी ने विशेष रूप से छात्रों और युवाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित, सीमित एवं जिम्मेदार उपयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जहां अभिव्यक्ति का माध्यम हैं, वहीं इसके दुरुपयोग से मानसिक, सामाजिक और कानूनी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने, उन्हें डिजिटल शिष्टाचार एवं साइबर सुरक्षा के मूलभूत नियमों की जानकारी देने का आग्रह किया।

**साइबर अपराध से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां**

आइजी श्री भास्कर ने साइबर अपराधों से बचाव हेतु मजबूत पासवर्ड के उपयोग, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, सोशल मीडिया की गोपनीयता सेटिंग्स को अपडेट रखने तथा किसी भी अज्ञात या संदिग्ध लिंक, कॉल, ई-मेल एवं मैसेज से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की किसी भी घटना की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज की जा सकती है। अंत में उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए नागरिकों की सजगता जरूरी : एसपी**

मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग आज के समय की बड़ी आवश्यकता है। साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी डिजिटल गतिविधियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए आमजन को अधिक सतर्क और जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से ओटीपी साझा न करने, अज्ञात कॉल या लिंक से बचने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन ऑफर से दूर रहने की अपील की। एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से साइबर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

**डिजिटल सशक्तिकरण के साथ साइबर सुरक्षा अनिवार्य : डीडीसी**

मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शासन, शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं को अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाया है। हालांकि, इसके सुरक्षित उपयोग के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं और छात्रों से जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों से बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की निरंतर शिक्षा देने का आग्रह किया।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उद्देश्य और इतिहास पर प्रकाश

कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के महत्व, इसके उद्देश्य एवं इतिहास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हुए मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, प्राइवेसी सेटिंग्स एवं डिजिटल सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, जीजीएसईएसटीसी के निदेशक-प्राचार्य आदि ने भी अपना वक्तव्य रखा।

**सामूहिक प्रयास से ही संभव है सुरक्षित डिजिटल भविष्य**

कार्यक्रम के समापन पर यह संदेश दिया गया कि सुरक्षित डिजिटल भविष्य के निर्माण के लिए प्रशासन, पुलिस, शैक्षणिक संस्थानों, अभिभावकों और नागरिकों के सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से ही एक जागरूक, सशक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

## बीएसएल में इंटर-स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप 2025-26 का शुभारंभ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के क्रिकेट स्टेडियम में इंटर-स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सह कार्यकारी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस. के. भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सी. आर. के. सुधांशु, महाप्रबंधक (सीईडी) ए. के. अविनाश सहित अन्य अधिकारी एवं क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री भारद्वाज ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं, जो न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि पेशेवर जीवन में भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंटर-स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप टीम भावना को सुदृढ़ करने का एक उत्कृष्ट मंच है, जो कर्मचारियों के बीच सहयोग और एकता को बढ़ावा देता है। इस प्रतियोगिता में कुल नौ (09) टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें तीन समूहों में विभाजित किया गया है। समूह-ए में आरआईएनएल-विशाखापत्तनम, टाटा स्टील तथा राउरकेला स्टील प्लांट की टीमें शामिल हैं। समूह-बी में सलेम स्टील प्लांट, जेएसडब्ल्यू-बेल्लारी तथा भिलाई स्टील प्लांट की टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जबकि समूह-सी में इस्को स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट और बोकारो स्टील प्लांट की टीमें भाग ले रही हैं. यह टूनार्मेंट 14 फरवरी 2026 तक चलेगा। चैंपियनशिप के पहले दिन खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। राउरकेला स्टील प्लांट ने टाटा स्टील को 6 विकेट से पराजित किया, जबकि जेएसडब्ल्यू-बेल्लारी ने भिलाई स्टील प्लांट को 8 विकेट से हराया। वहीं, बोकारो स्टील प्लांट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुगार्पुर स्टील प्लांट को 35 रनों से मात दी। इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्टील प्लांटों के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना तथा आपसी समन्वय और सहयोग को और सुदृढ़ करना है।

## डीपीएस बोकारो के मंच पर उतरे हुनर के नन्हे सितारे, कलात्मक प्रतिभा से किया मंत्रमुग्ध

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**'लिटिल स्टार कॉन्टेस्ट' में गायन-वादन, नृत्य व चित्रांकन की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा**

**बोकारो।** किसी ने सच ही कहा है, प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की प्राइमरी इकाई में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा की ऐसी चमक बिखेरी कि सभी मंत्रमुग्ध हो उठे। अवसर था डीपीएस बोकारो लिटिल स्टार कॉन्टेस्ट का, जिसमें सुर, ताल और रंगों का अद्भुत संगम दिखा। तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी मंच पर नन्हे सितारों के रूप में उतरे तथा गायन-वादन और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। नृत्य व संगीत में जिस अंदाज में रूहदारी, बारीकी और परिपक्वता से साथ उन्होंने सुर, ताल और लय पर अपनी पकड़ दिखाई, उसने सभी का मन मोह लिया। वहीं, दृश्यकला (विजुअल आर्ट) में रंगों के अद्भुत सम्मिश्रण से उन्होंने अपनी कल्पना को कैनवास व कागजों पर उकेरकर सबकी भरपूर सराहना पाई।

**नवण्या, श्रेया, सिया और रुचिका ने मारी बाजी**

कॉन्टेस्ट के फाइनल राउंड की यह कड़ी एकल वाद्ययंत्र-वादन से शुरू हुई, जिसमें बच्चों ने तबला, की-बोर्ड और गिटार पर अपनी कलाकारी दिखाई। कक्षा 4 की छात्रा नवण्या चिदार ने सिंथेसाइजर (कीबोर्ड) पर नयना दा क्या कसूर वे कसूर... की आकर्षक धुन बजाकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी कक्षा के छात्र अरुणाव रॉय जय हो... धुन बजाकर दूसरे और पांचवीं के कुमार आलेख तबले पर तीन ताल बजाकर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार एकल गायन में चौथी की छात्रा श्रेया झा ने बड़ा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया... की सुरीली प्रस्तुति कर प्रथम स्थान जीता। दूसरे स्थान पर रही कक्षा- 5 की द्रुष्टि मधु ने नैनों में बदरा छाए... तथा तीसरा स्थान पाने वाले इसी कक्षा के अनमोल कुमार ने मेरा जूता है जापानी... गाकर सबकी खूब तालियां बटोरीं। नृत्य में चौथी कक्षा की सिया केजरीवाल ने अलबेला सजन... गीत पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति कर प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान पर रही पांचवीं की सुचिस्मिता महतो ने हमपे ये किसने हरा रंग डाला... गीत पर और तीसरी कक्षा की आध्या गुप्ता ने अर्धनारीश्वर महादेव पर आधारित नृत्य से मन मोह लिया। चौथी कक्षा की आधृति दलुई और यक्षिता राय संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं, जिन्होंने क्रमशः देवी दुर्गा के रूप में राक्षसों का संहार और पिता के आदर का संदेश देता नृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना पाई। इसी प्रकार, दृश्य कला (एकल) के तहत रंगों और कल्पना के मुकाबले में कक्षा 5 की रुचिका शर्मा पहले, प्रार्थी मुर्मू दूसरे और अमरीशा सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायकों में सीनियर इकाई के कला शिक्षक कामिनी कांत स्वैन, मृत्युंजय भट्टाचार्य, शुभोजीत मिश्रा और नितेश कुमार शामिल रहे। प्राचार्य ने दिया मंत्र, कहा- प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं, स्वयं से करें।

## विधायक जयराम कुमार महतो ने किया पीसीसी पथ व गार्डवाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**नावाडीह।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल बोकारो जिला अनाबद्ध योजना के तहत स्वीकृत नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भेंडरा पंचायत के संयुक्त जल मीनार भेंडरा से विद्युत उपकेंद्र भेंडरा के निर्माण स्थल होते हुए ब्लैकस्मिथ ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेंटर तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को डुमरी क्षेत्र के विधायक जयराम महतो द्वारा किया गया। ज्ञात रहे गत 15 नवंबर, 2025 को झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के दौरान बोकारो से ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा कि 90 लाख 28 हजार पाँच सौ रुपये की लागत वाली यह योजना आपके गाँव के लिए है। इसके गुणवत्ता पूर्ण निर्माण में आपसबों का सहयोग जरुरी है। काम में किसी तरह की कोताही बरते जाने पर कडी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर जेकेएलएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार हेंब्रम, विधायक प्रतिनिधि बिरजू महतो, विक्की रविदास, पंसस गोपाल यादव, राजेंद्र यादव, आनंद विश्वकर्मा, अशोक यादव, विकास सिंह, गोबिंद हंसदा, संदीप कुमार, सीताराम महतो, मनोज महतो, सुधीर हेंब्रम आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए घरेलू तेल-गैस उत्पादन बढ़ाना देशहित में जरूरी : अनिल अग्रवाल

**भारत के पास संसाधन भी, क्षमता भी; घरेलू तेल-गैस उत्पादन बढ़े : अनिल अग्रवाल**

**घरेलू तेल-गैस उत्पादन बढ़ाए बिना सुरक्षित नहीं एनर्जी सेक्टर : अनिल अग्रवाल**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि मौजूदा वैश्विक और भूराजनीतिक अस्थिरता के दौर में भारत के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सर्वोच्च प्राथमिकता बन चुकी है। उन्होंने चेताया कि भारत अपनी लगभग 90 प्रतिशत तेल और गैस जरूरतें आयात से पूरी करता है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा लगातार जोखिम में बनी रहती है। ऐसे में घरेलू तेल-गैस उत्पादन बढ़ाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।अनिल अग्रवाल ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता तेल और गैस बाजार है और अगले 20 वर्षों तक ऊर्जा की मांग बढ़ती रहेगी। देश के पास करीब 300 अरब बैरल तेल और गैस के बराबर संसाधनों की संभावनाएं मौजूद हैं, जिनका दोहन जरूरी है। इसके साथ ही भारत के पास कुशल मानव संसाधन और मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम भी है। उन्होंने कहा कि तेल-गैस उद्योग की नींव एक्सप्लोरेशन (खोज) पर टिकी है। अमेरिका का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जब वहां एक्सप्लोरेशन को उद्यमियों के लिए खोला गया, तो घरेलू उत्पादन में बड़ा उछाल आया और आयात पर निर्भरता घटी।अनिल अग्रवाल ने कहा कि भारत आयात की तुलना में लगभग आधी लागत पर तेल और गैस का उत्पादन कर सकता है। अब तक यह उद्योग सरकारी खजाने में करीब 40 अरब डॉलर का योगदान दे चुका है। उन्होंने चिंता जताई कि भारत में एक्सप्लोरेशन लाइसेंसों की संख्या कम है, जिससे निवेश प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि वेदांता लिमिटेड का लक्ष्य उत्पादन को पांच गुना बढ़ाने का है, जबकि विकसित भारत के लक्ष्य के लिए देश को कुल उत्पादन दस गुना बढ़ाना होगा। इसके लिए सरकार से स्थिर, स्पष्ट और सहयोगी नीति वातावरण बनाने की अपील की गई।

## एक नजर

### मेयर प्रत्याशी को समर्थन देने को लेकर हुई श्री राम सेना की बैठक




**धनबाद।** श्री राम सेना का मंगलवार को को-ऑपरेटिव कॉलोनी सरायढेला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में बैठक की गई। बैठक में उदय प्रताप सिंह ने कहा जो मेयर प्रत्याशी जिले के मूलभूत समस्याओं के निराकरण के साथ साथ मुख्य रूप से हमारे संगठन एवं सनातन के रक्षा के प्रति आवाज उठाएंगे उसी मेयर प्रत्याशी को संगठन के समस्त कार्यकर्ता एकमत होकर वोट देकर विजयी बनाने का कार्य करेंगे । सभी मेयर प्रत्याशियों के कार्यकलापों एवं घोषणा पत्र के संदर्भ में विचार विमर्श किया जा रहा है और अभी तक इसका निर्णय नहीं लिया गया है। लेकिन श्री राम सेना के गठित टीम के द्वारा शीघ्र ही मेयर प्रत्याशी को वोट देने का निर्णय सर्वसम्मति से ले लिया जाएगा। इस पर संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से समर्थन किया। बैठक में अंकीत पासवान, पिंटू चंद्रवंशी, बंटी विश्वकर्मा, रविंद्र पांडे, बंटी कुमार, पंकज कुमार, उमेश तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महापौर पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार का विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया



**धनबाद।** नगर निगम चुनावः महापौर पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार का चासनाला सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क धनबाद नगर निगम चुनाव में महापौर पद के भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार ने आज नगर निगम क्षेत्र के चासनाला सहित विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके आगमन पर स्थानीय नागरिकों ने भव्य स्वागत कर उत्साहपूर्वक समर्थन जताया। जनता को संबोधित करते हुए संजीव कुमार ने कहा, जनसेवा मेरा स्वभाव है और धनबाद की जनता ही मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि धनबाद के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी प्रशासन और बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। जनसंपर्क अभियान की शुरूआत उन्होंने चासनाला स्थित कल्याणेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ की। इसके पश्चात घर-घर संपर्क कर नागरिकों से संवाद स्थापित किया और क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने देवतुल्य जनता से अपने पक्ष में बैलेट क्रमांक 27, चुनाव चिन्ह हरी मिर्च पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की हार्दिक अपील की। संजीव कुमार ने जनता के अपार सहयोग, समर्थन एवं स्नेह के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह विश्वास और साथ ही धनबाद के विकास और सकारात्मक बदलाव की दिशा में उनकी सबसे बड़ी शक्ति है।

### 12 फरवरी 26 को श्रमिकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर ट्रेड यूनियन की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजित



**धनबाद।** धनबाद में मंगलवार को सभी ट्रेड यूनियन की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें 9 जुलाई 25 को चार लेबर कोड के खिलाफ और जन पक्षीय वैकल्पिक नीति व व्यवस्था से जुड़ी मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल हुई थी। नए लेबर कोड से मजदूर असहाय महसूस कर रहे हैं और इसीलिए देश के सभी श्रमिक यूनियन की ओर से मांग की गई है कि चार श्रम संही ताओं को और उनके नियमों को अविलंब रद्द किया जाए, साथ ही मांग किया गया की सम्मानजनक रोजगार एवं न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाए, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन की गारंटी दी जाए ,सभी के लिए खाद्य ,स्वास्थ्य ,शिक्षा और आवास की व्यवस्था की जाए संगठित होने तथा सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार दी जाए कोयला उद्योग का कमर्शियल माईनिंग पर रोक लगाया जाए कोयला मजदूरों के लिए 20 लाख रुपए की ग्रेच्युटी लागू की जाए, जेबीसीसीआई 12 को जल्द गठन किया जाए ,सभी लैंड लूजर को नियोजन अभिलंब दी जाए कोयला ठेकेदारों पर अंकुश लगाया जाए,प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से श्री एके झा, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह,मानस चटर्जी, रंजन कुमार, भवानी बंदोपाध्याय, संतोष महतो, अर्जुन सिंह, रमेश सिंह, स्वप्न बैनर्जी, एस एस डे, अमित कुमार झा, प्रमोद कुमार तिवारी, प्रीतम रवानी, आदि अनेकों ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

### नगर निगम चुनाव में जुटे प्रत्याशी, घर-घर जनसंपर्क अभियान शुरू




**बोकारो।** चास नगर निगम के चुनाव की सर गर्मी तेज हो गई है सभी प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से चुनाव में लग गए हैं । वहीं दूसरी ओर वार्ड नंबर 7 में महापौर प्रत्याशी बिनोद कुमार की धर्मपत्नी ने घर-घर जाकर अपनी बहनों और माताओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और वार्ड की स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चास की महिलाओं का यह अपार स्नेह और समर्थन विश्वास दिलाता है कि अब बदलाव निश्चित है। एक बेहतर और सुरक्षित चास के निर्माण के लिए सभी से विनम्र अपील है किया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

## समाहरणालय में सेफर इंटरनेट डे पर कार्यशाला आयोजित

# स्मार्ट टेक, सेफ चॉइस थीम पर साइबर सुरक्षा और एआई के सुरक्षित उपयोग पर दिया गया जोर

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर:** पलामू जिला समाहरणालय के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,भारत सरकार की थीम "Smart Tech, Safe Choices: Exploring the Safe and Responsible Use of AI" के अंतर्गत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र पलामू जिला इकाई के माध्यम से आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकताओं को सुरक्षित इंटरनेट के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त समीरा एस,उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर एवं हुसैनाबाद तथा जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुरूआत में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य और विषय का परिचय दिया।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग अत्यंत आवश्यक है।सरकारी कार्यों में होने वाले वित्तीय लेन-देन के दौरान साइबर फ्रॉड की संभावना बनी रहती है,इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए तथा अपने सहकर्मियों को भी सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए।उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने एआई आधारित डीपफेक,वॉइस स्कैम और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग से बचाव के उपायों की जानकारी दी।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन,मजबूत एवं यूनिक पासवर्ड के उपयोग तथा संदिग्ध लिंक और फाइलों से दूर रहने की सलाह दी।अपर समाहर्ता श्री कुमार ने फिशिंग,विशिंग और स्मशिंग जैसे साइबर अपराधों के तरीकों से अवगत कराते हुए बताया कि अधिकृत वेबसाइट से ही कार्य करना चाहिए और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करनी चाहिए।उन्होंने सरकारी कार्यों में लाइसेंस्ड सॉफ्टवेयर, एंटीवायरस और सरकारी ई-मेल आईडी के उपयोग पर जोर दिया।अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी प्रगति प्रकाश विहंगम ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि अनजान कॉल,लिंक या संदेशों से सतर्क रहना चाहिए और निजी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए।जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने साइबर हाइजीन और एआई सेफ्टी हाइजीन पर जोर देते हुए बताया कि एंटीवायरस का उपयोग, सुरक्षित पासवर्ड और जागरूकता ही साइबर हमलों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।उन्होंने कहा कि एआई के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ उसके दुरुपयोग से होने वाले वॉइस क्लोनिंग, डीपफेक और निवेश ठगी जैसे मामलों से भी सतर्क रहना आवश्यक है।मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल,जिला योजना पदाधिकारी,जेएसएलपीएस डीपीएम,ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, वक्ऊअक के डीपीओ,नेटवर्क इंजीनियर,अंचल अधिकारी,जिला स्तरीय कार्यालय कर्मी,प्रज्ञा केंद्र संचालक तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुईं।

# शिव सार्वभौमिक शक्ति के संचालक हैं

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर :** पाटन प्रखंड के किशुनपुर इमली गांव शिवचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। चर्चा का आयोजन राधेश्याम सोनी अपनी बेटी के जन्मोत्सव पर किए थे।सैकड़ों गुरूभाई बहन चर्चा में शामिल हुए और भगवान शिव के सहज स्वभाव सरल व्यवहार,संहार सृजन के संवाहक शिव की संवेदना को सुने।

आयोजक राधे श्याम सोनी अंगवस्त्र फूलमाला देकर स्वागत किए। शिवगुरु के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए। अपने चर्चा के आरम्भ में गुरु भाई बहनों को संबोधित करते हमने कहा जब हम शिव के बारे में सोचते हैं और शिव के बताए रास्ते पर चलते है तब हम सब को दूसरे के साथ भी सम्यक व्यवहार करना चाहिए।

जिस तरह शिव सबों के प्रति सरल है तब ही उनके दरबार में बाघ और बैल एक साथ है सांप और मोर भूत - प्रेत, देवता और राक्षस उन पर अटूट भरोसा रखते हैं। सृष्टि के रचना से संचालन तक सुंदर बनाने में सभी का सम सहभागिता रहता है और परिवार की तरह रहते हैं। क्या हम सभी अपने निजी जीवन में महादेव की तरह त्यागी का तमगा लगा पाए ? नहीं।इसीलिए तीन सूत्र जो दिया गया है उसे अपने जीवन में उतरना है समाज और राष्ट्र के प्रति वफादार बनना है। जब चर्चा करेंगे तो मन के मैल निकलेगा और मेल बढ़ेगा,नाम लेंगे तो इष्टदेव के प्रति स्नेह सहानुभूति और संपर्क बढ़ेगा तब हमारा गर्क बेड़ा पार हो जाएगा। इसलिए शिव को अपना गुरु बनाए गुरु हर रास्ता को प्रशस्त करेगा। शांभवे गुरुवे नमः। इस मौके पर किशुनपुर थानेदार की उपस्थिति गरिमामयि रही।

# भगवा को लेकर आपत्तिजनक बयान पर सवर्ण आर्मी और सनातन उत्सव समिति का विरोध

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम:** हाल ही में बाबर खान की ओर से भगवा को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर जिले में राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के बीच तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। सवर्ण आर्मी और सनातन उत्सव समिति ने इस बयान को सनातन परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द पर सीधा आघात बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सवर्ण आर्मी के संयोजक अप्पू तिवारी ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भगवा किसी एक राजनीतिक दल या संगठन का प्रतीक नहीं, बल्कि यह भारत की सनातन संस्कृति, त्याग, तपस्या और राष्ट्रबोध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करोड़ों आस्थावान लोगों की भावनाओं को आहत करता है।उन्होंने कहा कि मेयर चुनाव जैसे संवेदनशील माहौल में इस तरह के बयान समाज को बांटने और तनाव बढ़ाने वाले हैं। अप्पू तिवारी ने प्रशासन से मांग की कि बाबर खान के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई जाए। वहीं, सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह ने भी इस बयान पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी को है, लेकिन यह स्वतंत्रता किसी समुदाय, आस्था या सांस्कृतिक प्रतीक के अपमान की अनुमति नहीं देती। उनके अनुसार, चुनावी समय में इस तरह के वक्तव्य आदर्श आचार संहिता और संवैधानिक मूल्यों की भावना के विपरीत माने जा सकते हैं।

# डीसी एसपी एसडीएम को मेला कमिटी के लोगो ने किया आमन्त्रित



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर:** आदिवासी विकास कुंभ मेला दुबियाखाड़ में शामिल होने के लिए मेला के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, भरदुल कुमार सिंह, ठाकुराई सिंह ,उमेश सिंह ने उपायुक्त पलामू समीरा एस,पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन,पलामू व सदर एसडीएम सुलोचना मीणा से मुलाकात कर 11 फरवरी को लगने वाले आदिवासी विकास कुंभ मेला में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया है। बिदित हो कि प्रत्येक वर्ष 11 व 12 फरवरी को दुबियाखाड़ में आदिवासी राजा मेदनी राय के याद में मेला का आयोजन किया जाता है ।इसमें काफी संख्या में लोग मेला देखने के लिए आते हैं। राज्य सरकार के द्वारा मेला में समय-समय पर परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाता है।

# स्वर्ण जयंती महोत्सवः वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूरे, 12 फरवरी को छतरपुर के कौशल नगर डालीं में होगा भव्य आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर:** छतरपुर पलामू विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ट्री मैन ऑफ इंडिया, पर्यावरण धर्म गुरु एवं वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ. कौशल किशोर जायसवाल द्वारा शुरू किए गए ऐतिहासिक पर्यावरण आंदोलनों के क्रम में वर्ष 2026 में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा हो रहा है। वन वृक्षों की रक्षा के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने वर्ष 1967 में ह्लजंगल लगाओझ्रजंगल बचाओह्व अभियान की शुरूआत छतरपुर प्रखंड के ग्राम डाली से की थी। उस समय उन्होंने अपनी निजी भूमि की 7.72 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की नींव रखी थी, जिसे अब 60 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसी क्रम में वर्ष 1977 में पर्यावरण धर्म के साथ वन राखी मूवमेंट का शुभारंभ भी ग्राम डाली से किया गया था।वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती के अवसर पर यह भव्य समारोह 12 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से ग्राम पंचायत डाली बाजार, कौशल नगर (छतरपुर, पलामू) में आयोजित होगा।इस अवसर पर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क में विश्व के 22 देशों से लाए गए लगभग 200 प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं, जिनमें कई विलुप्त प्रजातियाँ भी शामिल हैं। साथ ही कौशल नगर परिसर में डॉ. कौशल किशोर जायसवाल द्वारा स्थापित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा तथा तेजी से बढ़ रहे जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।इसी दिन पद्म विभूषण स्व. सुंदरलाल बहुगुणा जी की जीवनी पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 3:00 बजे डाल्टनगंज बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन, आकाश बाग में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल सरकार के सलाहकार एवं प्रख्यात पर्यावरणविद श्री सरोज कुमार शर्मा होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### लूट कांड का अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मेदिनीनगर:** पलामू एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार और टीओपी 3 प्रभारी अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लूट कांड मामले में फरार चल रहे अभियुक्त शहर थाना क्षेत्र के बैरिया सत्संग मंदिर रोड निवासी बसंत राम के पुत्र बालेश्वर राम उर्फ नरेंद्र राम को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि अभियुक्त बलेश्वर राम उर्फ नरेंद्र राम के खिलाफ शहर थाना में कांड संख्या 119/2021 का मामला दर्ज था। तब से अभियुक्त फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि बालेश्वर अपने घर आया हुआ है।इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालेश्वर राम को घर से गिरफ्तार कर मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### चुनाव को लेकर उम्मीदवारों संग व्यय प्रेक्षक ने की बैठक



**मेदिनिगरः** नगर निगम आम निर्वाचन 2026 को लेकर महापौर एवं वार्ड पार्षद उम्मीदवारों संग राज्य-कर संयुक्त आयुक्त कार्यालय,डालटनगंज में व्यय प्रेक्षक सज्जन पांडे ने बैठक की।इस दौरान उन्होंने आदर्श आचार संहिता का पालन करने और चुनावी व्यय के प्रबंधन पर सभी अभ्यर्थियों से कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा किये।उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों को चुनावी व्यय रजिस्टर के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।उन्होंने उम्मीदवारों को चुनावी व्यय पंजी में प्रविष्टि, व्यय की गणना,पेनल्टी सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी।बैठक में बताया गया कि प्रचार-प्रसार में प्रयुक्त होने वाले बैनर एवं पोस्टर पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम अंकित करना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय की जांच के लिए 11, 16 एवं 20 फरवरी को निर्धारित तिथियों पर बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी उम्मीदवारों को स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से व्यय रजिस्टर,वाउचर एवं बैंक पासबुक के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।उन्होंने कहा कि महापौर पद के लिये अभ्यर्थी द्वारा 15 लाख रुपये और वार्ड पार्षद पद के लिये 3 लाख रुपया से अधिक खर्च नहीं कर सकते हैं।मौके पर सहायक व्यय प्रेक्षक जियाउल हक,नोडल पदाधिकारी अनुश्रवण कोषांग समेत आदि उपस्थित रहे।

### पश्चिम सिंहभूम को नक्सल मुक्त बनाने को लेकर ऑपरेशन 'मेघाबुरु' पर उच्चस्तरीय मंथन



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करने के लक्ष्य के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने अभियान को निर्णायक चरण में पहुंचा दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के महानिरीक्षक अनूप बिरथरे जिला मुख्यालय चाईबासा पहुंचे। यहां ऑपरेशन 'मेघाबुरु' के तहत चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा और आगामी निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तय करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। दरअसल, हाल के दिनों में सारंडा के घने जंगलों में हुई बड़ी मुठभेड़ को सुरक्षा बलों की अहम सफलता माना जा रहा है, जिसमें 17 नक्सलियों को मार गिराया गया था। इस मुठभेड़ में आनंद जैसे कुख्यात माओवादी नेता के मारे जाने से संगठन को बड़ा झटका लगा है। इसके बाद संकेत मिले हैं कि सारंडा, पोड़ाहाट और आसपास के दुर्गम वन क्षेत्रों में भी इसी तरह के बड़े और निर्णायक ऑपरेशन लगातार चलाए जाएंगे, जिससे कि नक्सलियों की बची-खुची ताकत को भी पूरी तरह समाप्त किया जा सके। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों के सामने चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सारंडा के जंगलों में अब भी कई बड़े माओवादी नेता सक्रिय हैं, जिनमें करोड़ों रुपये के इनामी मिसिर बेसरा जैसे कुख्यात नक्सली शामिल बताए जाते हैं। ऐसे में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पश्चिमी सिंहभूम को नक्सल मुक्त करना सुरक्षा बलों के लिए एक कठिन, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। इस दौरान सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार सिंह और एसटीएफ आईजी अनूप बिरथरे के हेलीकॉप्टर से चाईबासा पहुंचने पर टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अनुरंजन किस्पोट्टा और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने उनका स्वागत किया। इसके बाद ऑपरेशन मेघाबुरु और जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों को लेकर बैठकों का सिलसिला शुरू हुआ। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि आने वाले दिनों में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी, जिससे कि क्षेत्र में स्थायी शांति, विकास और सामान्य जनजीवन की बहाली सुनिश्चित की जा सके।

# फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़े में 09 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूमः** जिले में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जुगसलाई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सुंदर नगर में बच्चों को एलबेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्वयं भी बच्चों के साथ दवा का सेवन किया।

यह विशेष अभियान 10 से 25 फरवरी तक जिले के पोटका, पटमदा, जुगसलाई, मुसाबनी, घाटशिला और बोड़ाम–इन छह प्रखंडों में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत लगभग 9 लाख लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए एलबेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले दिन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में विशेष बूथ बनाकर स्वास्थ्य कर्मी और आंगनवाड़ी सेविकाओं की ओर से दवा खिलाई गई। इसके बाद शेष दिनों में स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लक्षित आबादी को दवा खिलाएंगे।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल ने बताया कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और अत्यधिक बीमार व्यक्ति दवा का सेवन नहीं करेंगे। दवा खाली पेट नहीं खानी है। कुछ लोगों में हल्के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। ये दवाएं पूरी तरह निःशुल्क और सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि हाइड्रोसील का इलाज संभव है, जबकि अन्य अंगों की सूजन का इलाज लंबा चल सकता है। पीड़ितों के प्रति सहयोग और करुणा आवश्यक है, भेदभाव नहीं होना चाहिए। फाइलेरिया की रोकथाम के लिए मच्छरदानी का उपयोग, साफ-सफाई बनाए रखने और नियमित रूप से फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन को जरूरी बताया गया। उन्होंने किसी भी परेशानी की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की।

# सड़क निर्माण कार्य को निशाना बनाकर हाईवा फूंका, जांच में जुटी पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोबोकेरा इलाके में सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने सड़क निर्माण कार्य को बाधित करने के उद्देश्य से बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने निर्माण स्थल पर खड़े एक हाईवा वाहन में आग लगा दी, जिससे वाहन का अधिकांश हिस्सा जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मंगलवार सुबह सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। जानकारी के अनुसार, भालडुंगी चौक से साड़ीबा तक लगभग 22 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य रांची स्थित वैष्णवी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है, जिसके मालिक नीरज सिंह हैं। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही आनंदपुर थाना प्रभारी प्रिंस झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जले हुए वाहन का निरीक्षण किया, आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए और निर्माण कार्य में लगे कर्मियों से पूछताछ की।

# संपादकीय

## कुमाऊं में सांस्कृतिक लोक उत्सव है होली

हिमालय की गोद में बसा कुमाऊं अंचल न केवल अपने नैसर्गिक सौंदर्य, सुदीर्घ और समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के लिए भी विख्यात है, बल्कि यहां मनाई जाने वाली होली का भी अंदाज निराला है। यही वजह है कि कुमाउंनी होली की विशिष्ट पहचान है। अपना अनोखा रंग है। यहां की होली तन को ही नहीं रंगती, मन को भी उमंग से लबालब भर देती है। कुमाऊं की होली में आंचलिक विशिष्टता है। अनूठा सौंदर्य बोध है। रंग, राग और रागनियों का अदभुत समावेश है। ऋतुराज वसंत को यौवन का सूचक माना जाता है। वसंत ऋतु के आते ही समूची प्रकृति का यौवन एकाएक खिल उठता है। प्रकृति रंग -बिरंगी हो जाती है। विशिष्ट सुगंध और रंग लिए फूल खिलने लगते हैं। देश के अलग - अलग हिस्सों में लोग अपने -अपने अंदाज में वसंतोत्सव के रंग के आगोश में डूब जाते हैं। भारत के कोने -कोने में राग -रंग के उत्सव होली की धूम मच जाती है। होली भारत के प्राचीनतम त्योहारों में शामिल है। लिहाजा होली पूरे भारत में मनाई जाती है। भारत के अलग - अलग हिस्सों में होली मनाने का अंदाज जुदा है। स्थानीय इतिहास, मान्यता और परंपराओं के मुताबिक समय और क्षेत्र के अनुसार होली का स्वरूप बदल जाता है। होली की इस विविधता को कुमाऊं अंचल में बेहतर तरीके से समझा और अनुभव किया जा सकता है। भारत के दूसरे क्षेत्रों की बनिस्बत कुमाऊं की होली का रंग कुछ अलहदा है। यहां होली महज एक दिन का पर्व नहीं बल्कि महीनों चलने वाला सांस्कृतिक लोक उत्सव है। पहाड़ के कई क्षेत्रों में पूस के पहले इतवार से रामनवमी तक होली की बैठकें जमने लगती हैं। कुमाऊं की होली के मायने हुड़दंग नहीं है। बल्कि राग-रागनियों की सामूहिक अभिव्यक्ति है। परालौकिक विश्वास है। यहां की होली में स्थानीय परंपराओं, मान्यताओं और मिथकों का समावेश है। सरलता, उन्मुक्तता और आत्मीयता है। रंगों के द्वारा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से रिश्ता कायम रखने की कोशिश है। लोक - मानस में निहित आस्था की सशक्त अभिव्यक्ति है। कुमाऊं की होली में प्रत्येक कालखंड के सामाजिक इतिहास, परंपरा, धर्म और संस्कृति के गहरे रंग दिखाई देते हैं। यहां की होली के गीतों में यथार्थ और कल्पना का अनोखा मिश्रण है। कुमाऊं की होली के गीतों में भक्ति, रस, कला, माधुर्य, आमोद -प्रमोद और हँसी - ठिठोली का अदभुत समावेश है। देवताओं से जुड़े ज्यादातर होली गीतों की विषय- वस्तु पौराणिक आख्यान से जुडी है। रामायण और महाभारत के अनेक प्रसंग भी होली गीतों की विषय-वस्तु बने हैं। गणेश, शिव, पार्वती की स्तुति, राधा -कृष्ण और राम - सीता द्वारा खेले जाने वाले रंग का वर्णन है। परदेस गए पति की प्रतीक्षा करती नवयौवना की भावनाएं हैं। देवर-भाभी के बीच की हंसी -ठिठोली है। कुमाउंनी होली में ब्रज और उर्दू का गहरा प्रभाव है। विशुद्ध स्थानीय भाषा -बोली में होली के गीत बहुत कम हैं। बावजूद इसके यहां की होली के गीतों में आंचलिक और सांस्कृतिक विशिष्टता साफ झलकती है।

## आज का राशिफल

**मेष-** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष -** मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन-** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क-** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह-** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्कषचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्या-**पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुला-**शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु-** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुम्भ-** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन-** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी।

## दैनिक पंचांग

**11 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.45 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मीन | 08.18 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.48 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.29 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.27 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.40 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.56 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.08 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.19 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | वृश्चिक | 00.34 ब.से |
| | | धनु | 02.50 बजे से |
| | | मकर | 04.55 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 42 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 09.59 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 10.53 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 09.59 बजे तदनन्तर वणिज 23.13 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 06' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872617 **जूलियन दिन** 2461082.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सावान **तारीख** 22 **विशेष** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# संसद सत्र: संविधान का अपमान कौन कर रहा है



मृत्युंजय दीक्षित

वर्ष 2026 का बजट सत्र हल्ले-गुल्ले और अराजकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। यहाँ बजट के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों को उठाए जाने का प्रयास हो रहा है। स्थितियां इतनी विकट हैं कि संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में उत्तर नहीं दे सके और राष्ट्रपति का अभिभाषण बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दशार्ता है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख करते हुए कथित चीनी घुसपैठ का मुद्दा उछालने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियमों के अंतर्गत व्यवस्था दिए जाने के बाद भी राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े रहे। यह एक आश्चर्यजनक व्यवहार है कि नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के स्थान पर पुराने मुद्दे उठाए और उनको भी आपत्तिजनक रूप से रखकर देश की सेना और सदन का अपमान करें। लोकसभा में कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन की महिला सांसदों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का रास्ता रोकने की योजना बनायी और लोकसभा अध्यक्ष को प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध करना पड़ा, वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना ये है कि यही लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बातें करते हैं।

राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग न लेकर विपक्षी दलों ने न केवल राष्ट्रपति पद का अपमान किया है अपितु एक गरीब परिवार से निकल कर आई आदिवासी महिला का भी अपमान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने



**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है हमने जम्मू -कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौ-सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नार्थ ईस्ट में बम-बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है कि कांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं।**

पर भी राहुल गांधी को घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है । कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं, किसी और को तो गद्दार नहीं कहा, ये सिख हैं इसलिए कहा, ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा में चेयर पर कागज फेकें गए जब असम के सदस्य चेयर की कुर्सी पर विराजमान थे- क्या यह असम का अपमान नहीं जब आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य चेयर की कुर्सी पर बैठे थे तब उन पर भी कागज फेंके गए क्या यह एक दलित बेटे और संविधान का अपमान नहीं है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है हमने जम्मू -कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौ-सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नार्थ ईस्ट में बम-बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है कि कांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को ये सहन नही हो रहा हे कि जो समस्याएं उसने 60 सालो में पाल-पोस कर बड़ी की थीं मोदी उनका एक- एक करके समाधान क्यों कर रहा है कांग्रेस को ये सब पसंद नहीं आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपियन यूनियन और फिर अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते हुए उनके विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और समझौते कर रही है। कांग्रेस को भी यह अवसर मिला था, उन्होंने यह क्यों नही कर दिखाया प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से कांग्रेस,लेफ्ट व डीएमके सहित टीएमसी पर भी तीखा हमला बोला और उन्होंने बंगाल की टीएमसी सरकार को देश की सबसे निर्मम बताते हुए कहा कि यह लोग अपने अंदर नहीं झाकते अपितु हमको यहां बैठकर उपदेश देते हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर के भाषण का संज्ञान लेते हुए वैचारिक सहिष्णुता की चर्चा की, ज्ञातव्य है कि सदानंद मास्टर के दोनों पैर वामपंथी विचारधारा के लोगों ने निर्ममता से केवल उनकी विचारधारा अलग होने के कारण काट दिए थे।

संसद के वर्तमान सत्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने जो रवैया अपनाया है उसने देश के वास्तविक मुद्दों को उठाने का एक सुनहरा अवसर खो दिया है। प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा को घेरने के बजाय उन्होंने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को ही अपने ऊपर आक्रमण करने का अवसर दे दिया है। भाजपा अब सिख व दलित सांसदों के अपमान का राजनैतिक लाभ उठाने का पूरा प्रयास करेगी। भाजपा चुनाव वाले राज्यों में विरोधी दलों के संसदीय आचरण को भी मुद्दा बनाएगी।

**(लेखक का निजी विचार हैं।)**

# ओटीटी की भाषा, हिन्दी और हम

चण्डीगढ़ के गुप्ता जी रविवार के दिन मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी वेब सीरीज देख रहे थे। उनका पांच साल का बेटा मोबाइल गेम में व्यस्त था। तभी टेलीविजन स्क्रीन पर पात्र अचानक से एक-दूसरे को जोर-जोर से गालियां देने लगे, जिसे देखकर उनका बेटा भी जोर-जोर से दोहराने लगा। गुप्ता जी रिमोट से सीरीज बंद कर देते हैं और मन ही मन सोचते हैं कि यह क्या हो रहा है? बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार ह्यग्राउंड जीरोह्न और ह्यएक्सक्लूसिवह्न जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं। ओटीटी ने ह्यरियलिज्मह्न के नाम पर अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं।

एक समय था जब हिंदी भाषा की शुद्धता, व्याकरण और वर्तनी का सबसे बड़ा शिक्षक अखबार हुआ करता था। 19वीं सदी के अंत से लेकर 20वीं सदी के अधिकांश भाग तक अखबार घर-घर में भाषा सिखाते थे। लोग संपादकीय, लेख और समाचार पढ़कर नए शब्द सीखते, मुहावरे समझते और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते। हिंदी की लयबद्धता, संस्कृतनिष्ठ शब्दावली और उर्दू की मिठास का सुंदर संयोजन अखबारों की भाषा में झलकता था। वह दौर था जब भाषा को सम्मान दिया जाता था और उसे सँवारने का सतत प्रयास होता था। फिर, टेलीविजन का दौर आया। 1980-90 के दशक में दूरदर्शन पर सरकारी नियंत्रण के कारण भाषा काफी हद तक शुद्ध बनी रही, लेकिन निजी न्यूज चैनलों के उदय के साथ सब कुछ बदल गया। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ने नई पीढ़ी को हिंदी से दूर कर दिया। स्कूलों में अंग्रेजी को प्रधानता मिली, हिंदी को माध्यमिक भाषा का दर्जा दिया जाने लगा। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े-लिखे युवा जब हिंदी न्यूज चैनलों में पत्रकार बने, तो उन्होंने हिंदी में अंग्रेजी के शब्दों को जबरदस्ती घुसेड़ना शुरू कर दिया। ब्रेकिंग न्यूज, ग्राउंड जीरो, एक्सक्लूसिव, स्पॉटलाइट, सोर्सेज के मुताबिक, डेवलपमेंट्स हो रही है जैसे वाक्य आम हो गए। ब्रेकिंग न्यूज की होड़ में अनुवाद की जल्दबाजी ने व्याकरण और शुद्धता को ताक पर रख दिया। चैनलों पर चीखकर खबरें पढ़ी जाने लगीं, जिससे भाषा की मयार्दा भी कमजोर पड़ गई। लेकिन असली तबाही ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म्स के साथ आयी। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी फाइव आदि



डॉ. अवधेश कुमार यादव




**हिंदी वेब सीरीज ने भाषा की सारी पारंपरिक सीमाएं तोड़ दीं। संवाद अब शुद्ध हिंदी में नहीं, बल्कि हिंग्लिश, क्षेत्रीय बोलियों के मिश्रण और सबसे ज्यादा गालियों से भरे होते हैं। मिजार्पुर, सेक्रेड गेम्स, पाताल लोक, कॉलेज रोमांस, हॉस्टल डेज जैसी वेब सीरीज में हर दूसरे वाक्य में अश्लील शब्द सुनाई देते हैं। ये शब्द अब सिर्फ पात्रों की भाषा नहीं रहे, बल्कि युवाओं की रोजमर्रा की जुबान बनते जा रहे हैं। ओटीटी पर अश्लील कंटेंट की बाढ़ से न केवल संस्कृति का सत्यानाश हो रहा है, बल्कि समाज में भाषा की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही है। रियलिज्म और ऑथेंटिसिटी के नाम पर अश्लील सीन और संवाद आम हो गए हैं, लेकिन क्या वास्तविक जीवन में हर व्यक्ति हर वाक्य में गाली देता है क्या कॉलेज के छात्रों की सामान्य भाषा इतनी गंदी होती है यह सब युवा पीढ़ी पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल रहा है। बच्चे और किशोर इन शब्दों को सुन-देखकर अपनी भाषा में शामिल कर लेते हैं, जिससे समाज में गाली-गलौज सामान्य लगने लगी है। 2025 में स्थिति और गंभीर हुई तो सरकार ने अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जुलाई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (जिनमें उल्लू, एएलटीटी, बिग शॉट्स, डेसिफ्लिक्स, नियॉनएक्स वीआईपी इत्यादि) को ब्लॉक कर दिया, क्योंकि ये अश्लील, वल्गर और पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित कर रहे थे। यह कार्रवाई आईटी एक्ट, 2000 और 2021 के इंटरमीडियरी गाइडलाइंस के तहत की गई। इससे पहले 2024 में भी 18 प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी ही कार्रवाई हुई थी। कुल मिलाकर, जुलाई 2025 तक 43 प्लेटफॉर्म्स ब्लॉक हो चुके हैं। सरकार ने 2024 के अंत से ही ओटीटी कंटेंट के लिए नए दिशा-निदेर्शों पर काम शुरू किया था, जिसमें प्रोफेनिटी (गाली-गलौज) को बीप करना, अश्लील सीन को ब्लर करना और इंटीमेट सीन के वैकल्पिक चित्रण को बढ़ावा देना शामिल है। हालांकि मुख्यधारा के प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम आदि पर अभी भी सेंसरशिप नहीं है, बल्कि सेल्फ-रेगुलेशन और आईटी रूल्स 2021 के तहत तीन-स्तरीय तंत्र है।**

पर हिंदी वेब सीरीज ने भाषा की सारी पारंपरिक सीमाएं तोड़ दीं। संवाद अब शुद्ध हिंदी में नहीं, बल्कि हिंग्लिश, क्षेत्रीय बोलियों के मिश्रण और सबसे ज्यादा गालियों से भरे होते हैं। मिजार्पुर, सेक्रेड गेम्स, पाताल लोक, कॉलेज रोमांस, हॉस्टल डेज जैसी वेब सीरीज में हर दूसरे वाक्य में अश्लील शब्द सुनाई देते हैं। ये शब्द अब सिर्फ पात्रों की भाषा नहीं रहे, बल्कि युवाओं की रोजमर्रा की जुबान बनते जा रहे हैं। ओटीटी पर अश्लील कंटेंट की बाढ़ से न केवल संस्कृति का सत्यानाश हो रहा है, बल्कि समाज में भाषा की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही है। रियलिज्म और ऑथेंटिसिटी के नाम पर अश्लील सीन और संवाद आम हो गए हैं, लेकिन क्या वास्तविक जीवन में हर व्यक्ति हर वाक्य में गाली देता है? क्या कॉलेज के छात्रों की सामान्य भाषा इतनी गंदी होती है? यह सब युवा पीढ़ी पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल रहा है। बच्चे और किशोर इन शब्दों को सुन-देखकर अपनी भाषा में शामिल कर लेते हैं, जिससे समाज में गाली-गलौज सामान्य लगने लगी है। 2025 में स्थिति और गंभीर हुई तो सरकार ने अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जुलाई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (जिनमें उल्लू, एएलटीटी, बिग शॉट्स, डेसिफ्लिक्स, नियॉनएक्स वीआईपी इत्यादि) को ब्लॉक कर दिया, क्योंकि ये अश्लील, वल्गर और पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित कर रहे थे। यह कार्रवाई आईटी एक्ट, 2000 और 2021 के इंटरमीडियरी गाइडलाइंस के तहत की गई। इससे पहले 2024 में भी 18 प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी ही कार्रवाई हुई थी। कुल मिलाकर, जुलाई 2025 तक 43 प्लेटफॉर्म्स ब्लॉक हो चुके हैं। सरकार ने 2024 के अंत से ही ओटीटी कंटेंट के लिए नए दिशा-निदेर्शों पर काम शुरू किया था, जिसमें प्रोफेनिटी (गाली-गलौज) को बीप करना, अश्लील सीन को ब्लर करना और इंटीमेट सीन के वैकल्पिक चित्रण को बढ़ावा देना शामिल है। हालांकि मुख्यधारा के प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम आदि पर अभी भी सेंसरशिप नहीं है, बल्कि सेल्फ-रेगुलेशन और आईटी रूल्स 2021 के तहत तीन-स्तरीय तंत्र है। दिसंबर 2025 में सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि ओटीटी कंटेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) के दायरे में नहीं आता, बल्कि अलग से आईटी रूल्स के तहत नियंत्रित होता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई मामलों में कहा है कि प्रोफेनिटी अपने आप में ओब्सेनिटी नहीं है (जैसे कॉलेज रोमांस मामले में 2024 का फैसला), लेकिन अश्लीलता और बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। अप्रैल 2025 में कोर्ट ने एक याचिका पर केंद्र, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया को नोटिस जारी किया था। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि भाषा सिर्फ संवाद का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति और समाज का दर्पण है। जब भाषा में गंदगी आएगी, तो समाज में भी वह फैलेगी। युवा पीढ़ी की जुबान खराब हो रही है। अखबारों ने हिंदी को ऊंचा उठाया, टीवी ने गिराया और ओटीटी ने इसे गटर तक पहुंचा दिया। अब समय आ गया है कि सेन्सरशिप या सख्त रेगुलेशन को जरूरी माना जाए। सरकार को चाहिए कि मुख्यधारा ओटीटी पर भी प्रोफेनिटी फिल्टर, आयु-आधारित सख्त क्लासिफिकेशन और ब्लरिंग जैसे उपाय अनिवार्य करे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा, सांस्कृतिक गरिमा और भाषा की पवित्रता इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है। ओटीटी ने मनोरंजन के नाम पर भाषा और संस्कृति को भारी नुकसान पहुंचाया है। अब हमें तय करना है कि हमारी आने वाली पीढ़ियां अखबारों की शुद्ध हिंदी सीखे या ओटीटी की गालियों से भरी जुबान अपनाए। सेन्सरशिप नहीं तो कम से कम सख्त रेगुलेशन जरूरी है, वरना हिंदी की दुर्गति रुकने का नाम नहीं लेगी।

**(लेखक का निजी विचार हैं।)**

# पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे झूठ नहीं बोलेंगे मुझे उन पर भरोसा : राहुल गांधी

एजेंसी



**नई दिल्ली:** लोकसभा में जारी गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की कथित किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के प्रकाशक पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को दावा किया कि किताब बिक्री के लिए उपलब्ध है। राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने मेबाइल में जनरल नरवणे का 15 दिसंबर 2023 का पोस्ट दिखाया। उन्होंने कहा कि यह जनरल नरवणे का एक्स पोस्ट है जिसमें उन्होंने लिखा था, "नमस्ते दोस्तों। मेरी किताब अब उपलब्ध है। बस इस लिंक का अनुसरण करें। आनंदपूर्वक पढ़ें। जय हिंद।' राहुल ने कहा, "सवाल यह है कि या तो जनरल नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर पेंग्विन प्रकाशन, लेकिन मुझे पूर्व सेनाध्यक्ष पर भरोसा है, वह झूठ नहीं बोलेंगे।" उन्होंने कहा कि किताब में किए गए कुछ उल्लेख सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असुविधाजनक हैं, इसलिए विवाद खड़ा किया जा रहा है। अब यह तय करना होगा कि सच्चाई कौन बता रहा है। प्रकाशक या पूर्व सेनाध्यक्ष।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जनरल नरवणे ने किताब में जो बातें लिखी हैं, वे सरकार और प्रधानमंत्री के लिए असहज हैं और इसी वजह से इस पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि किताब के प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सोमवार को कहा था कि जनरल नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है और इसकी कोई भी कॉपी, प्रिंट या डिजिटल, पब्लिश, बांटी, बेची या पब्लिक के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है।

राहुल गांधी ने जिस पोस्ट का जिक्र किया था उसे जनरल नरवणे ने 15 दिसंबर 2023 को एक्स पर साझा किया था। इसमें उन्होंने पेंगुइन इंडिया के एक एक्स पोस्ट का स्क्रीनशॉट लगाया था। उसमें पेंगुइन प्रकाशन ने ई-कॉमर्स साइट अमेजन का लिंक साझा करते हुए लिखा था, "जैसे ही हम विजयदिवस की तैयारी कर रहे हैं। आइए अपने देश के नायकों का सम्मान करें। शुरूआत करते हैं मनोज नरवणे से, जो भारत के 28वें थलसेनाध्यक्ष रहे और दशकों तक देश के लिए लड़े। उनकी कहानी जानने के लिए अभी फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी, प्री ऑर्डर करें।"

एक दिन पहले यानी सोमवार को दिल्ली पुलिस ने एक बयान में बताया था कि सोशल मीडिया और समाचार मंचों पर यह जानकारी सामने आई कि किताब ह्यफोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की प्री-प्रिंट कॉपी प्रसारित हो रही है। जांच में पाया गया कि पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा तैयार की गई किताब की पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध है और कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किताब का कवर भी बिक्री के लिए प्रदर्शित किया गया है। प्रकाशन की अनुमति अभी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त नहीं हुई है। इस कथित लीक और प्रकाशन नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए स्पेशल सेल में मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

## लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली** : लोकसभा स्पीकर ओम बिरला पर सदन के संचालन में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि इस पर तृणमूल कांग्रेस के किसी भी सांसद का हस्ताक्षर नहीं है। हस्ताक्षर करने वाले 116 सांसदों में राहुल गांधी का भी नाम नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों को बताया कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा महासचिव को संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत दिया गया है। नोटिस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविण मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य शामिल हैं। हालांकि गोगोई ने इस नोटिस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के हस्ताक्षर नहीं होने से जुड़े सवाल पर चुप्पी साध ली।नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा स्पीकर लगातार विपक्षी सांसदों को जनहित के मुद्दे उठाने से रोक रहे हैं। अनुच्छेद 94(सी) के तहत नोटिस दिया गया है क्योंकि स्पीकर खुलेआम पक्षपात कर रहे हैं। इसके साथ ही विपक्ष के आठ सांसदों को मनमाने ढंग से निलंबित कर दिया गया है; उन्हें केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए दंडित किया जा रहा है।

## कयामत तक बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं होगा : सीएम योगी आदित्यनाथ

एजेंसी



**बाराबंकी** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार जो बोलती है, करके दिखाती है। यह जितना करती है, उतना ही बोलती है। योगी ने कहा कि जो लोग बाबरी ढांचे का सपना देख रहे हैं, उनको बता दूं कि कयामत का दिन कभी नहीं आएगा। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाराबंकी के दरियाबाद क्षेत्र में दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग हैं, जो अवसरवादी रवैया अपनाते हैं। जब संकट आता है तब भागवान राम याद आते हैं, बाकी राम को भूल जाते हैं। इसलिए भगवान राम भी उनको भूल चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की वजह से अब आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बन रहा है। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले यह बीमारु प्रदेश था। कब कहां लूट, हत्या हो जाएगी पता नहीं होता था। बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थी और घर से बाहर गया व्यक्ति अगर शाम तक नहीं लौटता था तो घर वाले अनहोनी की आशंका से बार-बार फोन करके हालचाल लेते रहते थे। कानून से खिलवाड़ करने वालों को आगाह करते हुए योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, यहां का कानून मानो, कानून मानोगे, कायदे से रहोगे, तो फायदे में रहोगे। उन्होंने कहा कि जहां तक बाबरी ढांचे के पुनर्निर्माण की बात है तो यह कयामत तक नहीं होगा क्योंकि कयामत आने वाली नहीं है। अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की लंबी लड़ाई से लेकर भव्य मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए योगी कहा कि राम मंदिर बन गया है न। आज मंदिर अपने निर्धारित स्थान पर बन चुका है। गोला गोकर्णनाथ, लोधेश्वर मंदिर समेत कई मंदिरों के हो रहे कॉरिडोर निर्माण का भी उन्होंने उल्लेख किया।

## नेपाल की तमाकोशी नदी में गिरी बस, 9 यात्रियों की मौत



एजेंसी

**काठमांडू** : काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही एक यात्री बस मंगलवार दोपहर को तमाकोशी नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। रामेछाप के प्रमुख जिला अधिकारी श्याम कृष्ण थापा ने बताया कि बागमती प्रदेश की (03-01-005 ख 9975) बस रामेछाप जिले के मन्थली नगरपालिका स्थित त्रिवेणी घाट पर नदी में जा गिरी। यह बस काठमांडू से आठ यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी, लेकिन हादसे के समय उसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे लोगों सहित लगभग 17 लोग सवार थे। छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन यात्रियों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि सशस्त्र पुलिस बल के गोताखोर और स्थानीय आपदा प्रबंधन इकाई के बचाव दल नदी में गिरे अन्य लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

## पूर्वी कांगों में दाएश समर्थित विद्रोहियों ने 20 लोगों की हत्या की

एजेंसी



**किंशासा (कांगो)** : आतंकवादी समूह दाएश ( आईएसआईएस का अरबी नाम) समर्थक विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के एक गांव पर सप्ताहांत में हमला कर कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी। सैन्य प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा मिटेला ने यह जानकारी दी। अरब न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य प्रशासक मिटेला ने बताया कि यह हमला शनिवार तड़के उत्तरी किवु प्रांत के लुबेरो इलाके के माम्बिम्बी-इसिगो गांव में हुआ।

मिटेला ने कहा कि इस हमले से लोगों का बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ है। हमले में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) और रवांडा समर्थित एम 23 (मार्च 23 मूवमेंट) के विद्रोही शामिल हो सकते हैं।

इस हमले पर अभी तक एडीएफ ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इलाके के सिविल सोसाइटी कार्यकताओं के अनुसार, विद्रोहियों ने पहले कई किसानों के खेतों पर दबिश दी और फिर चाकू और हथियारों से नागरिकों पर हमला किया। बापेरे में सिविल सोसाइटी के प्रमुख किनोज किटवा ने कहा, यह आंकड़ा अभी शुरूआती है, क्योंकि कई नागरिक लापता हैं।

# देश में जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा विपक्ष: भाजपा

एजेंसी



**नई दिल्ली** : को लेकर घमासान मचा हुआ है। पूरे देश में विपक्ष जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सब आज से नहीं हो रहा, बल्कि जब से भाजपाझ्रनीत राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर देश के संवैधानिक संस्थानों पर गातार हमले कर रहे हैं। ये देश में अस्थिरता फैलाना चाहते हैं।

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी ने एसआईआर को फर्जी बताकर एक खास तरह का माहौल बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह नैरेटिव गढ़ा गया कि एसआईआर फर्जी है, यह चुनावी रोल की शुचिता के लिए नहीं है, यह भाजपा के फायदे के लिए है और यह मसौदा गैरकानूनी है।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि बीते सप्ताह ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि एसआईआर के माध्यम से बंगाल में अत्याचार हो रहा है और इसे तुरंत खारिज किया जाना चाहिए, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने जो निर्णय दिया है वह ममता और उनकी सरकार के लिए करारा झटका है।

उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि एसआईआर को रोका नहीं जाएगा। भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और ममता बनर्जी ने एसआईआर को फर्जी बताने का नैरेटिव गढ़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में चुनाव सिर पर, बसों का किराया बढ़ा, लोगों ने हाइवे जाम किया

**ढाका (बांग्लादेश) :** देश में 12 फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव में हिस्सा लेने के लिए कामकाजी लोग अपने-अपने घरों को लौटने लगे हैं। वह बस मालिकों के मनमाना किराया वसूलने से परेशान हैं। यात्रियों के सब्र का बांध मंगलवार सुबह टूट गया। उन्होंने सुबह करीब आठ बजे आशुलिया के बाइपेल इलाके में नबीनगर-चंद्रा हाइवे जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक लोग सड़क से हिले-डुले नहीं। इससे अफरा-तफरी मच गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यात्रियों ने कहा कि चुनाव से पहले सोमवार कई गारमेंट फैक्टरी वर्कर के लिए काम का आखिरी दिन था। इस कारण बड़ी संख्या में वह लोग अपने गांव लौटने के लिए बसों में सवार हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि बस कंडक्टर इसका फायदा उठाकर ज्यादा किराया वसूल रहे हैं। जमालपुर जा रहे मुखलेस ने कहा कि किराया तीन गुना से भी ज्यादा वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा, "मैं जमालपुर अपने घर जाना चाहता हूं। पहले किराया 300 टका था। अब वे 1,000 टका मांग रहे हैं। अधिकारियों को किराया तय कराना चाहिए।" राजशाही जा रहे अबुल कलाम सोहाग ने भी यही शिकायत दोहराई। उन्होंने कहा, " चुनाव के लिए फैक्टरी की छुट्टियों के बाद वर्कर वोट देने के लिए घर लौट रहे हैं। बस वाले दोगुना किराया मांग रहे हैं। पहले किराया 500 टका था। अब वे 1,000 टका से ज्यादा मांग रहे हैं। " उन्होंने कहा कि ऐसी ही स्थिति रही तो कई लोग वोट डालने के लिए घर नहीं जा पाएंगे।

### जापान की अर्थनीति में ताकाइची ने दिए बड़े बदलाव के संकेत

**टोक्यो :** जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने देश की अर्थनीति में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की जीत के बाद सोमवार को अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में ताकाइची ने कहा कि चुनाव में जनता ने हमें आर्थिक नीतियों में बदलाव के लिए चुना है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री ताकाइची ने कहा कि जापान को ₹ज्यादा फिस्कल सख्ती₹ (घाटे को कम करने के लिए खर्चों में कटौती करना और राजस्व बढ़ाना) से हटकर जिम्मेदार लेकिन एग्रेसिव फिस्कल पॉलिसी (आक्रामक राजकोषीय नीति) लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हर कोशिश करेगी। ताकाइची ने एलडीपी के वादे शांतिवादी संविधान में बदलाव करने की दिशा में काम करने की भी इच्छा जताई। उन्होंने कहा एलडीपी को नीतिगत बदलाव के साथ आगे बढ़ने का जनादेश मिला है। एलडीपी जनता का दिल से आभार व्यक्त करती है।

### मलाला यूसुफजई ने मुस्लिम देशों से तालिबान से रिश्ते खत्म करने की अपील की

**लंदन :** नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने दुनिया भर के देशों खासतौर पर मुस्लिम मुल्कों से तालिबान पर दबाव बनाने और उनके साथ सामान्य कूटनीतिक रिश्ते बनाए रखने से बचने की अपील की है। मलाला ने लड़कियों की शिक्षा को लेकर अफगानिस्तान के मौजूदा हालात को बहुत खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि तालिबान सुनियोजित तरीके से लड़कियों और महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों से दूर रख रहा है। पाकिस्तान के दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार मलाला ने दुनियाभर के देशों से यह आग्रह एक प्राइवेट टीवी चैनल के साथ एक खास साक्षात्कार में किया। मलाला ने कहा, "तालिबान लड़कियों को पढ़ाई के उनके बुनियादी अधिकार से दूर कर रहा है। लड़कियों के लिए स्कूल बंद हैं, लेकिन अफगान लड़कियों ने हार नहीं मानी है। वे लुके-छुपे चल रहे स्कूलों और ऑनलाइन लर्निंग के जरिए पढ़ाई जारी रखे हुए हैं।"

### कोयला तस्करी मामला: ईडी ने दो कारोबारियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** झारखंडझ्रआसनसोल कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार देर रात तक पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया था । ईडी सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम चिन्मय मंडल और किरण खां हैं। जांच में असहयोग करने के आरोप में दोनों को हिरासत में लिया गया है। यह पहली बार है जब कोयला तस्करी मामले में किसी कारोबारी को ईडी ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, बीते सप्ताह ईडी की विशेष टीम ने दोनों आरोपितों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान एक आरोपित के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। इसके बाद ईडी ने दोनों कारोबारियों को पूछताछ के लिए तलब किया। लंबी पूछताछ के बाद जांच में सहयोग न करने और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**इंफाल :** हिंसाग्रस्त मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियां उग्रवादियों, अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रखे हुए हैं। अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादियों को जहां गिरफ्तार किया गया, वहीं भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद करने के साथ ही हिंसा प्रभावित क्षेत्र में फंसे दो लोगों को बताया गया। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी जानकारी के अनुसार सोमवार को सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के लमलाई थानांतर्गत नोंगदम गांव, न्गारू चेंगजेल पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, दो 12 बोर सिंगल बैरल रायफल, एक मैगजीन के साथ 9 मिमी की चार पिस्तौल और तीन 36 नंबर हैंड ग्रेनेड शामिल हैं। इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, अन्य एक अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थानांतर्गत लिलोंग चाजिंग क्षेत्र में बम विस्फोट के एक मामले की जांच के बाद मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों के विभिन्न स्थानों से अपराध में शामिल केसीपी (अपुनबा) के तीन सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया।

### जम्मू यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को उपलब्ध होगी विशेष ट्रेन

**कटरा :** माता वैष्णो देवी जाने वालों के लिए बेहद ही खास खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेन संख्या 04688/04687 (बड़गामझ्रबनिहाल) की सेवाओं का विस्तार किया गया है। अब यह विशेष ट्रेन बनिहाल की बजाय श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन तक संचालित की जाएगी। यह सेवा 11 फरवरी 2026 से बड़गामझ्रबनिहालझ्रश्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच यात्रियों को उपलब्ध होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय जम्मू और कश्मीर के बीच रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को अधिक आरामदायक व सुविधाजनक यात्रा मिल सके। विशेष ट्रेन संख्या 04688 (बड़गाम से श्री माता वैष्णो देवी कटरा) यह ट्रेन बड़गाम से बनिहाल के बीच अपने मौजूदा समय और ठहराव के अनुसार ही संचालित होगी। बनिहाल से यह ट्रेन सुबह 10:10 बजे रवाना होकर दोपहर 1:00 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी।

# एशियन चैंपियनशिप: सोफिया शुल्झेंको का वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारत के खाते में दो और स्वर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कजाखस्तान की निशानेबाज सोफिया शुल्झेंको ने 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) महिला वर्ग में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए मंगलवार को एशियन राइफल-पिस्टल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के सातवें दिन भारत ने डॉ. नई दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दो और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी बढ़त को और मजबूत किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 का स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक जीता और भारत की आकृति दहिया से चार अंकों की बढ़त बनाई, जिन्हें रजत पदक मिला। आकृति की सीनियर साथी और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें एक साथ चार विश्व रिकॉर्ड, विश्व जूनियर रिकॉर्ड, एशियन रिकॉर्ड और एशियन जूनियर रिकॉर्ड दिलाए।



जूनियर महिला 3पी फाइनल में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाखस्तान की 14 वर्षीय टॉमिरिस अमानोवा ने 351.4 के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 के स्कोर के साथ (34वें शॉट के बाद) कांस्य पदक अपने नाम किया।

प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 1748 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो टीम कजाखस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3ढ टीम स्पर्धा में कजाखस्तान ने 1760 के संयुक्त स्कोर के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।

पेरिस ओलंपियन और पिछले वर्ष ब्यूनस आयर्स वर्ल्ड कप की कांस्य पदक विजेता एरिना मालिनोव्स्काया ने महिला 3पी क्वालिफिकेशन में 588 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अंजुम मौदगिल ने 587 के साथ दूसरा स्थान पाया, जबकि आशी चौकसे 586 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। आकृति दहिया ने 583 के साथ छठा स्थान हासिल किया, जबकि विजेता सोफिया शुल्झेंको ने 587 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान पाया।

फाइनल में पहले नी-लिंग राउंड के बाद तीनों भारतीय निशानेबाज शीर्ष पर थीं और आकृति दहिया बढ़त में थीं। हालांकि, प्रोन पोज़िशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सोफिया दूसरे स्थान पर पहुंचीं। इसके बाद स्टैंडिंग पोज़िशन की दोनों पांच-शॉट सीरीज में 50 से अधिक अंक हासिल करने वाली वह एकमात्र शूटर रहीं और निर्णायक बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया।

दिन के अन्य मुकाबलों में भारत के आदर्श सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले प्रिसिजन राउंड के बाद 291/300 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पसंदीदा निशानेबाज अनीश भानवाला ने 287 का स्कोर किया और फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार ने 277 का स्कोर किया और उन्हें बुधवार (11 फरवरी) को होने वाले दूसरे रैपिड फायर राउंड में बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कतर ओपन: झेंग की दमदार वापसी एंड्रीएवा अंतिम-16 में

**दोहा :** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने चोट से वापसी करते हुए कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की। झेंग ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सोफिया केनिन को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मैच में 4-6, 6-1, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना एलिसिया पार्क्स से होगा। सितंबर पिछले साल के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी टेनिस में उतरीं झेंग इस समय विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं। सीजन के अपने पहले ही मैच में उन्होंने 20 ऐस जमाकर जोरदार संदेश दिया। मैच के बाद झेंग ने कहा, ह्लचोट के बाद वापसी कभी पूरी तरह दर्द-मुक्त नहीं होती। लेकिन मुझे लगता है कि मेरी कोहनी सही दिशा में ठीक हो रही है। मैं अच्छी स्थिति में हूं और दो घंटे तक सर्व करते हुए खेल जारी रख सकती हूं। उधर, पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीएवा ने राउंड ऑफ 64 में बाई मिलने के बाद अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की। उन्होंने मग्दा लिनेट को 7-6 (7/0), 6-1 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। दिन के मुकाबलों में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। तीसरी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा करोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ तीसरे सेट में पिछड़ते हुए मुकाबले से हट गईं। वहीं, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन एमा राडुकानू को भी कैमिला ओसोरियो के खिलाफ निर्णायक सेट में रिटायर होना पड़ा। मंगलवार को शीर्ष दो वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना राउंड ऑफ 32 में अपने-अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। चौथी वरीयता कोको गॉफ भी सिंगल्स में अपना पहला मुकाबला खेलेंगी। गॉफ को सोमवार को उभरती स्टार विक्टोरिया म्बोको के साथ डबल्स में हार का सामना करना पड़ा था।

### फुट सर्जरी के बाद जैक ग्रीलिश का सीजन समाप्त, वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीदों को झटका

**लिवरपूल :** एवर्टन के मिडफील्डर जैक ग्रीलिश ने पुष्टि की है कि फुट में स्ट्रेस फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद उनका मौजूदा सीजन समाप्त हो गया है। यह चोट उनके लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, क्योंकि इससे इंग्लैंड की वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की उनकी उम्मीदों को भी नुकसान पहुंचा है। 30 वर्षीय ग्रीलिश, जो मैनचेस्टर सिटी से लोन पर एवर्टन के लिए खेल रहे थे, को यह चोट पिछले महीने एस्टन विला के खिलाफ प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान लगी थी। उस मैच में एवर्टन ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। इस सीजन ग्रीलिश ने एवर्टन के लिए सभी प्रतियोगिताओं में कुल 22 मुकाबले खेले, जिनमें उन्होंने दो गोल किए और छह असिस्ट दिए। उनके प्रदर्शन को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे थे कि उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में दोबारा बुलाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ग्रीलिश ने लिखा, ह्लमैं नहीं चाहता था कि मेरा सीजन इस तरह खत्म हो, लेकिन यही फुटबॉल है। बहुत दुखी हूं। सर्जरी हो चुकी है और अब पूरा ध्यान फिट होकर वापसी पर है। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं पहले से ज्यादा फिट, मजबूत और बेहतर होकर लौटूंगा।ह्व ग्रीलिश मैनचेस्टर सिटी के साथ तीन प्रीमियर लीग खिताब, चैंपियंस लीग और एफए कप जीत चुके हैं। इंग्लैंड के लिए उन्होंने आखिरी मैच अक्टूबर 2024 में कार्यवाहक कोच ली कार्सली के कार्यकाल में खेला था। गौरतलब है कि फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाएगा।

## एफआईएच मेंस प्रो लीग 2025-26: राउरकेला में दमदार शुरूआत की उम्मीद में भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच मेंस प्रो लीग 2025-26 अभियान की शुरूआत घरेलू मैदान पर राउरकेला चरण से करने जा रही है। 10 से 15 फरवरी 2026 तक ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले इस चरण में भारत का सामना हॉकी की दो दिग्गज टीमों–बेल्जियम और अर्जेंटीना–से होगा, जिससे टूर्नामेंट की शुरूआत बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। पिछले सत्र में आठवें स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम इस बार घरेलू दर्शकों के सामने जीत के साथ अभियान शुरू कर शुरूआती बढ़त बनाना चाहेगी। अनुभव और युवा प्रतिभा के संतुलित मिश्रण से सजी भारतीय टीम परिचित परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी, हालांकि चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि सामने दुनिया की शीर्ष रैंक वाली टीमें होंगी। भारत भले ही अपना अभियान शुरू करने जा रहा हो, लेकिन बेल्जियम और अर्जेंटीना पहले ही लीग में अच्छी शुरूआत कर चुके हैं।

अर्जेंटीना चार मैचों में तीन नियमित जीत और एक शूटआउट जीत के साथ 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, बेल्जियम चार मुकाबलों में तीन नियमित जीत और एक शूटआउट हार के साथ 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज है।

## टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया पर जीत से नीदरलैंड्स की सुपर-8 उम्मीदें बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बास डी लीडे की नाबाद 72 रनों की संयमित पारी की बदौलत नीदरलैंड्स ने टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-ए मुकाबले में नामीबिया को सात विकेट से हराकर सुपर-8 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा।



पहले गेंदबाजी करते हुए नीदरलैंड्स ने सधी हुई और अनुशासित प्रदर्शन के दम पर नामीबिया को 20 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। पिच गेंदबाजों के लिए मददगार थी, लेकिन बहुत मुश्किल नहीं थी। नई गेंद से लोगन वान बीक ने शानदार शुरूआत दिलाई और 2/13 के किफायती आंकड़े दर्ज किए। ऑफ-स्पिनर आर्यन डट (1/13) ने चार ओवर के कसे हुए स्पेल में रन गति पर लगाम लगाए रखी।

डट ने पारी की शुरूआत में ही निकोलास डेविन स्टीनकैंप को आगे बढ़ने के लिए उकसाया और विकेटकीपर स्कॉट एडवर्ड्स ने फुर्ती से स्टंपिंग पूरी की। नामीबिया की शुरूआत बेहद धीमी रही और पावरप्ले के पहले पांच ओवरों में टीम सिर्फ 29 रन ही बना सकी। इसके बाद जान फ्रायलिंक (30) और जान निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) ने 50 रनों की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की।

व्यापार

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाये 81 हजार करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को संभाल लिया।

दिन के पहले सत्र के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारी का जोर बना रहा, लेकिन दूसरे सत्र में दोपहर एक बजे के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई। इस मुनाफा वसूली की वजह से बाजार की बढ़त में कमी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



आज दिनभर के कारोबार के दौरान मीडिया और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। निफ्टी का मीडिया इंडेक्स दो प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह आईटी, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 474.15 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 473.34 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 81 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,407 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,598 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,647 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 162 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,926 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,826 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,100 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 144.25 अंक की मजबूती के साथ 84,210 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 84,063.47 अंक के स्तर तक आ गया। पहले 10 मिनट तक दबाव का सामना करने के बाद बाजार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर एक बजे से थोड़ी देर पहले सेंसेक्स 417.20 अंक की तेजी के साथ 84,482.95 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में एक बार फिर गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 200 अंक से अधिक फिसल कर 208.17 की बढ़त के साथ 84,273.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 55.35 अंक उछल कर 25,922.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक फिसल कर 25,870.45 अंक तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर एक बजे से थोड़ी देर पहले निफ्टी 122.15 अंक की तेजी के साथ 25,989.45 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल पर भी दबाव बन गया। बिकवाली शुरू होने के बावजूद ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ऊपरी स्तर से 50 अंक से अधिक लुढ़क कर 67.85 अंक की मजबूती के साथ 25,935.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एटरनल 5.18 प्रतिशत, टाटा स्टील 2.98 प्रतिशत, ओएनजीसी 2.08 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.92 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एचसीएल

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का रुख बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर खरीदारी होती नजर आ रही है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,964.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 224.18 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,255.39 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.08 प्रतिशत उछल कर 50,173.76 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 10,386.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.59 प्रतिशत की छलांग लगा कर 8,323.28 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 293.41 अंक यानी 1.17 प्रतिशत उछल कर 25,014.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के नौ बाजार में से सात के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.12 प्रतिशत लुढ़क कर 4,954.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 4,122.34 अंक के स्तर पर आ गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 121.50 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,011.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 142.84 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 27,170 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स में आज लगातार दूसरे दिन जोरदार उछाल नजर आ रहा है। फिलहाल यह सूचकांक 1,358.06 अंक यानी 2.41 प्रतिशत की छलांग लगा कर 57,722 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 96.44 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,128.31 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,409.37 अंक के स्तर पर और कोस्पी इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,307.28 अंक के स्तर पर पहुंचे हुए हैं।

## सराफा बाजार में चमकी चांदी, सोने के भाव में गिरावट का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। दूसरी ओर, चांदी ने आज 16,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,57,920 रुपये से लेकर 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,760 रुपये से लेकर 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। जबकि चांदी की कीमत में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 3,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।





दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,58,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एक नजर

### सकरोगढ स्थित सेल टैक्स कार्यालय में साहिबगंज नगर परिषद व नगर पंचायत राजमहल व बरहरवा के प्रत्याशियों ने जमा किया ब्यौरा



साहिबगंज: नगर निकाय चुनाव 2026 में नगर परिषद साहिबगंज, नगर पंचायत राजमहल व नगर पंचायत बरहरवा से अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के द्वारा किए जा रहे खर्च का ब्यौरा जमा करने के लिए सकरोगढ़ स्थित वाणिज्य संयुक्त कर आयुक्त के कार्यालय में आय व्यय का लेखा जोखा मंगलवार को जमा लिया गया। जहां इस मौके पर सभी प्रत्याशी अपने खर्च का ब्यौरा जमा करने के लिए पहुंचे हुए थे।60

### नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन हेतु मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



साहिबगंज: नगर निकाय चुनाव के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने मंगलवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पुलिस लाईन परिसर में आयोजित मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बैलेट पेपर से मतदान कराने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की। इस मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित मतदान पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निदेशों का अक्षरशः पालन करें। वही उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में सजगता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। वही उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को मतदान के दिन पूर्ण निष्ठा के साथ लागू करें। उधर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 276 मतदान पदाधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया, बैलेट पेपर के उपयोग, मतदाता पहचान तथा मतदान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनु कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जहां जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

### राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पहुंचे मृतक मंतोष मंडल के घर



राजमहल: थाना क्षेत्र के कल्याणचक में ई रिक्शा चालक मंतोष कुमार मंडल को धारदार हथियार से निर्मम हत्या के बाद उनके परिजनों से मिलने झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी राजमहल थाना क्षेत्र के खुटहरी उनका गांव पहुंच कर परिजनों के लिए जिला प्रशासन से मदद का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने मृतक ई रिक्शा चालक के परिजनों को सांत्वना देते हुए घटना की निंदा की। जहां उन्होंने मांग किया कि इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करें।

### राजमहल पहुंचे पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, भाजपा कार्यकताओं के साथ की बैठक



राजमहल: पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के वरीय नेता बाबूलाल मरांडी मंगलवार को राजमहल पहुंचे। जहां राजमहल में भाजपा समर्थित नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मधु लता मंडल के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी उनके आवासीय कार्यालय गए। जहां कार्यालय में बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठक किया और भाजपा समर्थित नपं अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को विजयी बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कई वरीय भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

### अयोध्या धाम परिसर में 13 को द्वादश ज्योतिर्लिंगम् दर्शन ज्ञान और आत्म जागृति कार्यक्रम का होगा आयोजन

साहिबगंज: शहर के गर्ल्स हाई स्कूल के समीप अयोध्या धाम परिसर में पहली बार परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य और अलौकिक कर्तव्यों के यादगार स्वरूप द्वादश ज्योतिर्लिंगम् दर्शन ज्ञान और आत्म जागृति का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां इस कार्यक्रम की जानकारी मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, छोटा पचगढ़ जिरवाबाड़ी सेवा केंद्र के संचालिका ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने दी। आगे उन्होंने बताया की 13 को द्वादश ज्योतिर्लिंगम् उद्घाटन समारोह दोपहर 3:30 बजे होगा। वही 14 एवं 15 को शहर के सभी श्रद्धालूओं के लिए द्वादश ज्योतिर्लिंगम् दर्शन कार्यक्रम सुबह 11 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। जहां सेवा केंद्र की संचालिका बिंदु दीदी ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील शहरवासियों से की है।

### ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन से आरपीएफ जवानों ने दो नाबालिग बालकों का किया सुरक्षित रेस्क्यू



तालझारी: मालदा रेलमंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा आशिम कुमार कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, मालदा के पर्यवेक्षण में मालदा रेलमंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर दो नाबालिग बालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। जहां नियमित निरीक्षण के दौरान आरपीएफ जवानों ने तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर दो नाबालिग बालकों को संदिग्ध अवस्था में उद्देश्यहीन घूमते हुए पाया। जहां पूछताछ के दौरान यह ज्ञात हुआ कि दोनों नाबालिग बालक पारिवारिक कारणों से अपने घर से निकल आए थे। उधर दोनों ही नाबालिग बालकों की सुरक्षा एवं कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए बाल संरक्षण संस्था बाल संरक्षण मंथन, तीनपहाड़ के प्रतिनिधि की सहायता से उन्हें सुरक्षात्मक अभिरक्षा में लेकर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के उपरांत आगे की देखभाल एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उक्त संस्था को सौंप दिया गया। जहां यह त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई मालदा रेलमंडल आरपीएफ की बाल सुरक्षा एवं यात्री सुरक्षा के प्रति निरंतर सतर्कता और प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 का हुआ आयोजन

# डिजिटल सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः जिले में सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला प्रशासन के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं सरकारी कर्मियों को सुरक्षित, जिम्मेदार एवं विवेकपूर्ण इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना था, ताकि डिजिटल माध्यमों का सकारात्मक उपयोग सुनिश्चित किया जा सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत तथा जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार उपस्थित रहे। जहां अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग डिजिटल युग है जिसमें इंटरनेट ने सूचना, शिक्षा, संचार एवं सेवाओं को अत्यंत सरल बना दिया है। हालांकि, इसके साथ ही साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी सूचनाएं, डेटा चोरी एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग जैसी चुनौतियां भी तेजी से बढ़ी हैं ऐसे में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे आधार, बैंक विवरण, ओटीपी, पासवर्ड आदि को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए तथा संदिग्ध लिंक, ई मेल एवं कॉल से सतर्क रहना चाहिए। वही उन्होंने अभिभावकों से भी अपील किया कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में मार्गदर्शन दें। वही जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार ने अपने संबोधन में सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। जहां उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना आवश्यक है, ताकि फर्जी खबरों एवं भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोका जा सकें। वही उन्होंने साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल संबंधित साइबर हेल्पलाइन एवं पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सुरक्षित एवं नैतिक उपयोग पर भी चर्चा की गई। उधर अन्य वक्ताओं ने बताया कि एआई तकनीक जहां एक ओर कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है तो वहीं इसके दुरुपयोग से निजात एवं सुरक्षा पर खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए एआई आधारित टूल्स का उपयोग सोच समझकर एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। इस अवसर पर डिजिटल गोपनीयता, डेटा संरक्षण, ऑनलाइन शिष्टाचार एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रस्तुति भी दी गई। जहां प्रतिभागियों को यह जानकारी दी गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। जहां अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिले में एमडीए कार्यक्रम का उपायुक्त व सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम का जिलास्तरीय मंगलवार को पुरानी साहिबगंज स्थित पीएम श्री हाई स्कूल नगरपालिका कन्या विद्यालय में किया गया। जहां कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती एवं सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से बुके देकर स्वागत किया गया। उधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह रोके जा सकने वाला रोग है। जहां समय पर और सही तरीके से दवा सेवन कर जिले को इस बीमारी से मुक्त किया जा सकता है। वही उन्होंने एमडीए कार्यक्रम की सफलता के लिए सामूहिक जागरूकता, जनसहभागिता एवं स्वास्थ्य विभाग तथा समुदाय के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया। वही एमडीए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सामुदायिक स्तर पर डीईसी (डायइथाइलकाबार्माजीन) एवं एल्बेंडाजोल दवाओं का वितरण सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर दवाओं का वितरण करेंगे, ताकि सभी पात्र व्यक्तियों तक दवा पहुँचे और वे इसका सेवन सुनिश्चित करें। वही कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए दवा सेवन अनिवार्य है।

### दहला फीडर में आज सुबह 9 बजे से 4 बजे तक बिजली रहेगी बाधित

साहिबगंजः शहर के फीडर नंबर तीन ए दहला फीडर में आज सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जहां विद्युत विभाग के कनीय अभियंता नीलगगन ने बताया कि फीडर नंबर 3 ए दहला फीडर आवश्यक केबल तार पोल लगाने का कार्य किया जाएगा, जिसको लेकर रसूलपुर दहला, पटनिया टोला, दहला, भरतिया कॉलोनी सहित दहला फीडर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वही निर्धारित समय के दौरान रसूलपुर दहला क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

### झामुमो के नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष का जोरदार स्वागत



साहिबगंजः बाँझी संथाली पंचायत कमिटी द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू का मंगलवार को भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। जहां यह स्वागत कार्यक्रम पंचायत कमिटी के अध्यक्ष पौलूस मुर्मू एवं सचिव पौलूस मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस अवसर पर पंचायत कोषाध्यक्ष बिनोद मुर्मू सहित बाबूलाल हांसदा, खीस्टा सोरेन, प्रबोध कुमार हांसदा, प्रधान सल्हाय हांसदा, विजय पहाड़िया, नारायण मुर्मू, सुनील मुर्मू, नाईकी किस्कू एवं शिबू मरांडी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे। उधर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्टीफन मुर्मू को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी तथा आशा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा एवं जनहित के कार्यों को गति मिलेगी। इस दौरान स्टीफन मुर्मू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### महविश रहमान ने आकाशवाणी रांची में समाचार एकांश प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



रांची-भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) की अधिकारी महविश रहमान ने आकाशवाणी रांची के समाचार एकांश (आरएनयू) में प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने समाचार संचालन की जिम्मेदारी संभाल ली है। महविश रहमान ने अपनी शुरूआत से ही मीडिया और संचार क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इससे पहले वह नई दिल्ली स्थित सूचना भवन के न्यू मीडिया विंग में काम कर चुकी हैं, साथ ही पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) रांची में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। महविश रहमान ने अपनी शिक्षा जामिया मिल्लिया इस्लामिया से प्राप्त की है। अंग्रेजी साहित्य में स्नातक होने के बाद, उन्होंने एजेके एमसीआरसी से जनसंचार में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। इसके अलावा, उन्होंने यूजीसी-नेट और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। वे डिकिंसन कॉलेज, पेंसिलवेनिया, यूएसए में एक्सचेंज फेलो भी रह चुकी हैं। पदभार ग्रहण के अवसर पर आकाशवाणी रांची के केंद्र निदेशक श्री डी. सी. हेंब्रम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने महविश रहमान को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। महविश रहमान की नियुक्ति से आकाशवाणी रांची में समाचार संचालन की दिशा में नए और सकारात्मक बदलावों की उम्मीद जताई जा रही है, जो निश्चित रूप से क्षेत्रीय समाचारों को और अधिक प्रभावी और अपडेटेड बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### लखीपुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

पटनाः लखीपुर क्षेत्र के लखीपुर गांव में मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। जहां कोराडीह छठ घाट से 108 कुंवारी कन्याओं ने पवित्र जल भरकर पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ कलश यात्रा निकाली। वही गाजे बाजे, भक्ति गीतों और जयघोष के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। जहां कलश यात्रा में कोराडीह, कल्याणपुर, छोटा महगामा, सरायबिंधा एवं तालझारी सहित आसपास के गांवों की कन्याएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। उधर पारंपरिक वेशभूषा में सजी कन्याएं सिर पर कलश लेकर कतारबद्ध चल रही थीं, जिससे यात्रा का दृश्य अत्यंत आकर्षक बन गया। वही पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही जहां जगह जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कन्याओं का स्वागत किया।

## नगर निगम महापौर पद के भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार संजीव कुमार का चलाया जनसंपर्क अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



धनबाद । नगर निगम महापौर पद के भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार संजीव कुमार का जनसंपर्क अभियान लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहा है। संजीव कुमार ने सिंदरी मोड पर स्थित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद जनसंपर्क अभियान शुरू किया। इसी क्रम में आज दिनांक 10.02.2026 को उन्होंने सिंदरी के वार्ड संख्या 53 एवं 54 तथा झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। चासनाला पहुंचने पर पुल पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों एवं पार्टी कार्यकताओं ने श्री संजीव कुमार का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने मुसाबनी गणेश मंदिर के पास, कोल बोर्ड कॉलोनी, गौशाला बाजार, कांड्रा दुर्गा मंदिर क्षेत्र, कांड्रा बाजार, नूतनडीह काली मंदिर, डोमगढ़, मलिक टोला, सिंदरी बस्ती, चेक पोस्ट अंबेडकर कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलाया एवं विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। रोड़ाकांध में रजनी शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, सिंदरी शहरपूरा में कांति सिंह के आवास पर आयोजित बड़े मिलन समारोह में भी संजीव कुमार शामिल हुए। इसके अलावा विद्यापति परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी उन्होंने सहभागिता की। शहरपूरा बाजार रांगामाटी स्थित जय माता दी मंदिर में दर्शन के उपरांत उन्होंने मनोहरटांड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में भी सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने संजीव कुमार जिंदाबाद एवं धनबाद का मेयर कैसा हो झ संजीव कुमार जैसा होह्व के गगनभेदी नारे लगाकर उत्साह का परिचय दिया। इसके पश्चात संजीव कुमार ने झरिया के लक्ष्मीनिया मोड़, सोना पट्टी, किराना पट्टी, कपड़ा पट्टी, मेन रोड बाटा मोड़, सब्जी पट्टी, कोयरीबांध, सतमोड़वा, कोयरीबांध पश्चिमी, बलियापुर स्टैंड सहित अनेक क्षेत्रों में दौरा कर जनसंपर्क किया। उन्होंने कई टोलों, मोहल्लों एवं बाजार क्षेत्रों में पदयात्रा कर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया।

## समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला की डीएलएमसी बैठक संपन्न

### 20 फरवरी 2026 तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः जिले में राज्य योजना अंतर्गत संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला की समीक्षा एवं अनुश्रवण हेतु जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां इस बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जिले के विभिन्न बीच गुणन प्रक्षेत्रों में कृषि पाठशाला का संचालन विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है। वही बीच गुणन प्रक्षेत्र बरहरवा में शिक्षा एवं कल्याण समिति, बरहरवा द्वारा कार्य संचालित है। वहीं बीच गुणन प्रक्षेत्र राजगांव में ग्रीनरी रांची तथा बीच गुणन प्रक्षेत्र राजमहल में एसके इंटरप्राइजेज रांची के द्वारा कृषि पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। जहां तीनों कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने बारी बारी से समिति के समक्ष अपने अपने कृषक पाठशाला में वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। वही शिक्षा एवं कल्याण समिति, बरहरवा द्वारा कृषक पाठशाला अंतर्गत 5 एचपी सोलर पंपसेट की डीप बोरिंग, मशरूम उत्पादन, कृषकों का प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्य किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही साथ संस्था द्वारा आगामी अवधि में बायोफ्लॉक का क्रियान्वयन किए जाने की बात कही गई। उधर ग्रीनरी रांची के द्वारा कृषक पाठशाला साहिबगंज में पॉली हाउस का निर्माण एवं मशरूम उत्पादन इकाई की स्थापना किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं एसके इंटरप्राइजेज रांची के द्वारा कृषक पाठशाला राजमहल अंतर्गत प्रक्षेत्र में उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे कार्यों से समिति को अवगत कराया गया। जहां वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यकारी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनांतर्गत स्वीकृत सभी प्रकार के कार्य दिनांक 20 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। आगे उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए ताकि वास्तविक किसानों तक इसका लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचे। वही उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सभी कृषक पाठशाला प्रक्षेत्रों में बकरी पालन, सूकर पालन, गौ पालन एवं मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों को अनिवार्य रूप से विकसित किया जाए। साथ ही साथ बिरसा ग्रामों (पोषक ग्रामों) के किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों की जानकारी देने हेतु नियमित प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कृषक पाठशाला में एग्रो टूरिज्म विकसित करने पर भी विशेष बल दिया गया।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी , जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, उप परियोजना पदाधिकारी सह निदेशक आत्मा सहित तीनों कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देश व राज्य की तरक्की के लिए करें दुआः हाजी मुफ़्ती अंजर

**जिले के 88 हज यात्रियों को मिला प्रशिक्षण, मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने की शिरकत**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः शहर के एलसी रोड स्थित जामा मस्जिद परिसर में मंगलवार को हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। जहां प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती अंजर हुसैन कासमी ने की। वही मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां जिला हज कॉर्डिनेटर अनवर अली ने झामुमो नेता पंकज मिश्रा को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी आजमीने हज को मुबारकबाद देते हुए देश व राज्य के लिए दुआ करने की अपील की। वही मुफ़्ती अंजर हुसैन ने आजमीने हज को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक रुप से संपन्न लोगों पर हज फर्ज है। वही हज पर जाने वाले यात्री देश और दुनिया में अमन, शांति सहित देश व राज्य की तरक्की की दुआ करें। इस दौरान हज यात्रियों को हज के अरकान की विस्तृत जानकारी दी गई। वही जिला हज कॉर्डिनेटर अनवर अली ने हवाई यात्रा संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष साहिबगंज जिले से 44 पुरुष व 44 महिला सहित कुल 88 यात्री हज पर जा रहे हैं।

# एक विधायक के रूप में आज जो उन्हें सम्मान दिया गया, वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय : नितिन नवीन

एजेंसी

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बिहार विधानसभा पहुंचे नितिन नवीन का सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार विधानसभा में अपने सम्मान के लिए सदन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक विधायक के रूप में जिस प्रकार आज उन्हें सम्मान दिया गया, वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय क्षण है।




नितिन नवीन ने कहा, मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि आज का दिन इस रूप में आएगा। यह मेरे व्यक्तिगत प्रयास का नहीं, बल्कि आप सभी वरिष्ठ नेताओं और साथियों के मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद का परिणाम है। मैं पूरे सदन को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।उन्होंने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्रियों तथा विभिन्न दलों के नेताओं का नाम लेकर आभार प्रकट किया और कहा कि सदन में काम करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक मर्यादाओं, अनुशासन और जनप्रतिनिधि के दायित्वों को समझना सीखा है। नवीन ने कहा कि राजनीति में आने वाले नए लोगों के लिए सदन एक शिक्षालय की तरह है, जहां पार्टी की विचारधारा के साथ-साथ जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और सदन की गरिमा बनाए रखने की सीख मिलती है। एक विधायक के रूप में हमें जनता की आवाज भी उठानी होती है और सदन की मयार्दा का भी ध्यान रखना होता है। इन दोनों के संतुलन से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने शासन में पारदर्शिता और सुशासन की प्रक्रिया को करीब से देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा भावना और राज्य में सुशासन की स्थापना से प्रेरणा मिलती रही है।नितिन नवीन ने कहा कि सदन और सरकार में रहते हुए छोटी-बड़ी घटनाओं से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए दायित्व के साथ भी वे लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखेंगे।

इस अवसर पर सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों के नेताओं ने इसे बिहार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की कामना की। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने वाले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन का चयन सदन के लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने विधानसभा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में इस सदन के एक सदस्य का चयन होना पूरे सदन और बिहार की जनता के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन लंबे समय से सदन के सक्रिय सदस्य रहे हैं और अपनी कुशलता, सरलता तथा सुलभ व्यवहार से उन्होंने अलग पहचान बनाई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साधारण कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक की उनकी यात्रा लोकतांत्रिक व्यवस्था में समर्पण और ईमानदारी के साथ किए गए कार्य का परिणाम है। यह भारतीय जनता पार्टी की उस कार्यसंस्कृति को भी दशार्ता है, जहां सेवा भाव से कार्य करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार इस सदन का कोई सदस्य विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व द्वारा बिहार को यह जिम्मेदारी देना राज्य के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने नितिन नवीन के मंत्री के रूप में किए गए कार्यों विशेषकर पथ निर्माण एवं निवेश के क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। लोजपा (रामविलास) के विधायक राजू तिवारी ने चिराग पासवान की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के माधव आनंद ने उपेंद्र कुशवाहा की ओर से बधाई देते हुए कहा कि यह सदन के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि जिस बिहार को कभी उपेक्षित दृष्टि से देखा जाता था, आज उसी बिहार के नेता को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का नेतृत्व सौंपा गया है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की ज्योति मांझी ने 45 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन ने विधायक और मंत्री के रूप में राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसे सदन के लिए गौरवशाली क्षण बताते हुए कहा कि नितिन नवीन का चयन पार्टी की कार्यकर्ता आधारित संस्कृति को दशार्ता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी उन राज्यों में भी विस्तार करेगी, जहां अभी संगठन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सदस्यों ने भी उनके सरल, सहज और कुशल व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि बिहार की प्रतिभा और राजनीतिक चेतना का प्रमाण है। सदन में सर्वदलीय भावना के साथ नितिन नवीन को बधाई दी गई और उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई।

## एक नजर

### कांग्रेस एससी विभाग के पूर्व अध्यक्ष राजू राम के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया शोक

**पटना।** मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू राम का 60 वर्ष की आयु में निधन हो पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा शोक जताया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राजू राम के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवार को सांत्वना दिया और कहा कि आजीवन कांग्रेस की विचारधारा और शोषित वंचित समाज के हक की लड़ाई लड़ने वाले राजू राम के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके परिजनों के साथ कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। राजू राम अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्री छोड़ गए और उनके परिजनों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने ढांढ़स बढ़ाया। आज राजू राम का दाह संस्कार मुज्जफरपुर में किया गया। उनके निधन पर मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने भी गहरा शोक व्यक्त किया।

### सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

**नालंदा, बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गानगर के पास मंगलवार की सुबह एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गिरियक थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस को सुबह 9ः बजे सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद टीम मौके पर पहुंची है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उसकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। उसने लाल रंग का स्वेटर, काले रंग की पैंट और प्लास्टिक की चप्पल पहन रखी थी। उसके पास से एक शॉल और गमछा भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान के लिए आम लोगों से अपील की जा रही है। शव को 72 घंटे तक थाने में सुरक्षित रखा जाएगा। यदि इस दौरान पहचान नहीं हो पाती है, तो पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा जाएगा। सिर कुचल जाने के कारण पहचान में कठिनाई हो रही है, इसलिए कपड़ों और अन्य सामान के आधार पर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### फ्रेंच नागरिकों ने सीतामढ़ी स्थित माता सीता मंदिर का किया भ्रमण



**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड अंतर्गत सहवाजपुरसराय पंचायत के सीतामढ़ी स्थित जनक नंदिनी माता जानकी के निर्वासन स्थली ,माता सीता मंदिर का भ्रमण मंगलवार को फ्रांस से आए शोधकर्ताओं के एक दल ने किया। राजकीय मेला का दर्जा मिलने के बाद पहली बार विदेशी पर्यटकों के आगमन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में सीतामढ़ी मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिया गया था। इसका विधिवत उद्घाटन नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा किया गया था। राजकीय मेला घोषित होने के बाद सीतामढ़ी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान मिली है, जिसका सकारात्मक प्रभाव अब पर्यटन के रूप में सामने आने लगा है। फ्रेंच नागरिकों ने माता सीता मंदिर सहित सीतामढ़ी स्थित अन्य सभी प्राचीन मंदिरों का भ्रमण किया। मंदिर परिसर की शांति, धार्मिक महत्व और पौराणिक इतिहास से वे काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने स्थानीय लोगों से माता सीता से जुड़ी कथाओं और सीतामढ़ी के ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर समाजसेवी विजय राजवंशी, उपेंद्र राजवंशी, अजय सिंह सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने विदेशी पर्यटकों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। राजकीय मेला का दर्जा मिलने से भविष्य में और अधिक विदेशी पर्यटकों के आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### कला संस्कृति विभाग की ओर से आगामी 15 फरवरी को सहरसा में वाणेश्वर महोत्सव



**सहरसा।** कला, संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन, सहरसा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15 फरवरी को बाणेश्वर मंदिर, देवना में बाणेश्वर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बाणेश्वर मंदिर, देवना सहरसा जिले का एक प्राचीन एवं आस्था का प्रमुख केंद्र है। जहां महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से जलाभिषेक एवं दर्शन हेतु पहुंचते हैं। इस वर्ष 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित यह महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक समरसता का भी प्रतीक बनेगा। महोत्सव के अंतर्गत दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार शिवबारात नगर भ्रमण आयोजित होगा। जिसमें बाणेश्वर मंदिर समिति एवं समस्त शिव भक्तों और ग्रामीणों की सहभागिता रहेगी। इसके पश्चात भजन कीर्तन बाणेश्वर कीर्तन मंडली एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।महोत्सव का विधिवत उद्घाटन संध्या 05:00 बजे आयोजित होगा।जिसमें दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का संबोधन संपन्न होगा। तत्पश्चात मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा कुमारी ने बताया कि मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेपाल से आमंत्रित कलाकारों द्वारा भव्य शिव झांकी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य गायिका के रूप में इंडियन आइडल फेम एवं भारत के अमृत कलश रियलिटी शो फेम, देश की चर्चित लोकगीत गायिका सौम्या मिश्रा दिल्ली को आमंत्रित किया गया है। मिथिला के प्रसिद्ध गायक सुरेश पंकज द्वारा मैथिली गीतों की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक संध्या को विशेष रूप से सजाया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि स्थानीय कलाकारों के रूप में सोनपुर आइडल के रनरअप वेद प्रकाश सिंह सहित अन्य कलाकारों की भी सहभागिता रहेगी। जिससे कार्यक्रम और अधिक आकर्षक एवं यादगार बनेगा। इसके साथ ही बहुत कम उम्र में ही अपने नृत्य के बदौलत अपनी पहचान बना चुकी सहरसा की वायरल गर्ल मिष्ठी द्वारा भी विशेष नृत्य मंचन प्रस्तुत किया जाएगा।

# बिहार बजट सत्र : विपक्षी ने की महिला उत्पीड़न पर चर्चा की मांग

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के छठवें दिन विधानसभा में मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। माले विधायक संदीप सौरभ ने कहा, विपक्ष एकजुट होकर कार्य स्थगन प्रस्ताव विधानसभा में लाया है। हम सभी चाहते हैं कि सभी मुद्दों को दरकिनार कर महिला उत्पीड़न के मामले पर चर्चा कराई जाए। हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मार्शल को बुलाया है, और पोस्टर हटाने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, आपलोगों को मौका मिलेगा शून्यकाल में मुद्दे को उठाइएगा।



दूसरी ओर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी सदन में खड़े होकर कहा कि ह्यविपक्ष नारे लगा रहा है कि सीएम जवाब दें लेकिन इसकी एक प्रक्रिया है। विपक्ष तय नियमावली के तहत सवाल उठाए। सरकार जबाव देने के लिए तैयार है। विजय चौधरी ने कहा, 'विपक्ष के साथी उलझन की स्थिति में हैं। वे सरकार से जवाब की मांग रहे थे। सरकार किसी भी मामले में जवाब देने के लिए तैयार है। कई मिनटों पर बैठने के बाद पता नहीं उन्हें क्या सूझा कि अचानक से उठ कर चले गए। जब बैठ गए तो क्यों चले गए। उलझन में हैं। इसी उलझन का प्रदर्शन उनके आचरण में दिखता है। चनपटिया से कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन बिहार सरकार का पुतला लेकर सदन पहुंचे हैं। इसमें हाल में हुए क्राइम की लिस्टिंग भी की गई है। पुतले को चूड़ियां भी पहनाई गई हैं, साथ ही पोस्टर लगा है। जिसमें लिखा- माफी चाहते हैं, हम बिहार की बेटियों को न्याय नहीं दिला पा रहे। सोमवार को विधान परिषद में मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच हुई तीखी बहस को पूर्व मंत्री श्याम रजक ने देवर-भौजाई का मामला बताया। उन्होंने कहा, विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। बस चेहरा चमकाने की कोशिश की जा रही है। दूसरी तरफ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी 12 बजे विधानसभा पहुंचेंगे। मुख्य द्वार पर सत्तारूढ़ दल के सभी सचेतक उनका स्वागत करेंगे, फिर उन्हें सदन में लाया जाएगा।

# सर्वजन दवा सेवन अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

एजेंसी

**सारण।** जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सदर अस्पताल में आयोजित सर्वजन दवा सेवन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन किया और समाज को एक संदेश दिया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और आवश्यक है। इस अवसर जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से इस व्यापक अभियान के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसे केवल बचाव के जरिए ही रोका जा सकता है। इसके लिए हमारी आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका और स्वास्थ्य विभाग के कर्मी घर-घर जाकर अपनी उपस्थिति में लोगों को तीन तरह की दवाएं खिलाएंगे। जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिले के सभी 20 प्रखंडों के लिए विशेष प्रचार वाहनों को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, जीविका दीदियों और अन्य हितधारकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति छूट न जाए। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आम जनता से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और दवाओं का सेवन उनके सामने ही करें।

# उप विकास आयुक्त ने किया सांसद पंचायत एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा

एजेंसी

**सारण।** जिला अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने सांसद पंचायत एम्बुलेंस सेवा योजना की विस्तृत समीक्षा की। विकास भवन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करना और ग्रामीण स्तर पर इसकी उपयोगिता का आकलन करना था। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने एम्बुलेंसों के रखरखाव और वर्तमान संचालन स्थिति की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट किया कि एम्बुलेंस का लाभ पंचायत स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। डीडीसी ने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि एम्बुलेंस की तकनीकी स्थिति और ईंधन की उपलब्धता पर नियमित नजर रखें, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को देरी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा की एम्बुलेंसों की मरम्मत और फिटनेस की समय-समय पर जांच, पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को इस सेवा के प्रति जागरूक करना। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, इंजीनियर सत्येंद्र सिंह एवं विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह हुए कोर्ट में हाजिर, मिली जमानत

एजेंसी

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के डेहरी अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप के न्यायालय में आचार संहिता उल्लंघन मामले में भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह आज प्रस्तुत हुए न्यायलय से जमानत मिल गई' भोजपुरी के पावर स्टार के नाम से चर्चित भोजपुरी अभिनेता सह गायक पवन सिंह वाई प्लस की सुरक्षा के साथ न्यायलय परिसर में पहुंचे। कोर्ट के कैम्पस में जाने से पहले ही मीडियाकर्मी पवन सिंह का फोटो वीडियो शूट करने लगे। तो उनके बाउंसर ने रोकने की कोशिश की।एक मीडिया कर्मी को तो कैमेरा छीनने की धमकी तक दी गई,जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों से तीखी नोंक झोंक हुई।



इनके अधिवक्ता सह अनुमंडल विधिक संघ अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी के अनुसार वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान अकोढ़ी गोला थाने में आचार संहिता के उलंघन मामले में इनके साथ राजपुर निवासी अम्बुज कुमार सिंह समेत दो लोगों पर प्राथमिकी हुई थी। इसी मामले में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप के न्यायालय में उपस्थित हुए। हालांकि न्यायालय ने दलीलें सुनने के बाद दोनों को जमानत दे दी।

पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इस दौरान चुनाव प्रचार के सिलसिले में जब प्रचार करने निकले तो उनके साथ दर्जनों लग्जरी गाड़ियों का लम्बा काफिला था। इस मामले में उन पर बिना अनुमति तय संख्या से अधिक वाहनों के साथ रोड शो करने को लेकर आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। बताया जाता है कि आचार संहिता उल्लंघन मामले को पवन सिंह पर कुल छः केस दर्ज किए गए थे, जिसमें पांच केस बिक्रमगंज थाने में तथा एक केस अकोढीगोला थाना में उन पर दर्ज किया गया था। इस मामले में आज वह कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत हुए। इसके बाद उन्हें जमानत मिल गया।

# भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री बने संजय कुमार सिन्हा, कार्यकर्ताओं में हर्ष

एजेंसी

**सहरसा।** महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की पावन नगरी पुरी ओडिशा में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के त्रिदिवसीय त्रैवार्षिक अधिवेशन में बिहार के वरिष्ठ श्रमिक नेता संजय कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके इस मनोनयन से बिहार इकाई में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी शंभू कुमार चौबे, प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू सिंह,पंकज कर्ण, बलराम पांडे,सहरसा जिला मंत्री सुभाष चंद्र झा, जिलाध्यक्ष संतोष पासवान ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामना दी है। उनके अखिल भारतीय मंत्री बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने खुशी जताई है।उनके अखिल भारतीय मंत्री बनाये जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी वही कार्यकर्ताओ में नई उर्जा स्फूर्ति के साथ नये आशा का संचार हुआ है।प्रभारी मंत्री चौबे ने बताया कि संजय कुमार सिन्हा वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रदेश के महामंत्री के पद पर कार्यरत हैं। वे वर्ष 1989 से संगठन से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से श्रमिक हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव और समर्पण को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर यह नई जिम्मेदारी दी गई है। अपने लंबे संगठनात्मक अनुभव व कर्तव्यपरायणता से सिन्हा ने कई महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निभाया है। उन्होंने भारतीय डाक लेखा संघ में सहायक मंत्री, प्रांतीय मंत्री और महामंत्री के रूप में कार्य किया। इसके अलावा भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ में सचिव और अध्यक्ष की भूमिका निर्वहन कर चुके है।साथ ही बीएमएस बिहार प्रांत में वे कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अप्रैल 2021 से वे बीएमएस, बिहार प्रदेश के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बीएमएस के इस अधिवेशन में अधिवक्ता जयंत राय को भारतीय मजदूर संघ के विधि प्रकोष्ठ का सदस्य बनाया गया है।



# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक का शानदार प्रदर्शन

**सहरसा।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित उमंग 3.0, 2026 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक, सहरसा के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया।इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक,सहरसा के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेकर खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का शानदार परिचय दिया। गर्ल्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक, सहरसा की टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। इस टीम में काजल कुमारी कप्तान, अदिति कुमारी, सृष्टि कुमारी, देवयानी कुमारी, मुस्कान कुमारी, तन्नु कुमारी, करण शाक्षी एवं निभा कुमारी शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त सत्यम कुमार ने कैरम प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर राजकीय पॉलिटेक्निक,सहरसा का मान बढ़ाया। वहीं स्वाति कुमारी ने एथलेटिक्स की हाई जंप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। राजकीय पॉलिटेक्निक, सहरसा की फैकल्टी टीम ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में फैकल्टी टीम ने लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किय, जिसमें प्रो लक्ष्मी,प्रो ज्योति मणि, प्रो आरती एवं प्रो दीपशिखा शामिल रहीं।टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रो. ज्योति मणि ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया।